# दैनिक नवयतन

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 139 | सीकर, शनिवार 18 जुलाई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8




## पुरी रथयात्रा, तीनों रथ गुंडिचा मंदिर पहुंचे

### अब तीनों देवता 7 दिन मौसी के घर रहेंगे, दूसरे दिन 9 लाख श्रद्धालु जुटे

पुरी।

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथ शुक्रवार दोपहर श्री गुंडिचा मंदिर पहुंच गए। अब तीनों देवता अगले 7 दिन अपनी मौसी के घर रहेंगे।

इसके साथ ही रथयात्रा पूरी हुई। परंपरा के अनुसार, मूर्तियां रात भर अपने रथों पर ही रहेंगी और शनिवार शाम को उन्हें श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जाएगा, जिसे इन भाई-बहनों का जन्मस्थान माना जाता है। वापसी रथ यात्रा, जिसे बहुडा यात्रा कहा जाता है, 24 जुलाई को होगी।

इसके पहले शुक्रवार को सुबह करीब 9.45 बजे भगवान बलभद्र के रथ को खींचने के साथ रथ यात्रा दूसरे दिन शुरू हुई। बारिश और उमस के बीच 9 लाख श्रद्धालु फिर से रथ खींचने के लिए ग्रैंड रोड पर जुटे। गुरुवार को पाहंडी अनुष्ठान में हुई देरी और अंधेरा होने के कारण तीनों रथ गुंडिचा मंदिर तक नहीं पहुंच सके थे। तीनों देवता रातभर अपने-अपने रथों पर ही विराजमान रहे। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक अरविंद पाधी ने बताया कि सभी अनुष्ठान समय पर हुए, लेकिन भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा मुख्य द्वार पर करीब 40 मिनट तक आगे नहीं बढ़ सकी। इसी वजह से पाहंडी अनुष्ठान एक घंटे से अधिक देर से पूरा हुआ।

उन्होंने बताया कि भगवान बलभद्र का तालध्वज रथ ग्रैंड रोड पर करीब 700 मीटर चलकर मार्केट चौक पर रुका। देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ लगभग 400 मीटर चलकर मरीचिकोट चौक तक पहुंचा। वहीं भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ कुछ ही दूरी तय कर मुख्य मंदिर के सिंहद्वार के पास रुक गया था।

**बारिश के बावजूद नहीं टूटा श्रद्धालुओं का उत्साह**-बारिश और उमस के बावजूद लाखों श्रद्धालु जय जगन्नाथ और हरि बोल के जयघोष के बीच रथ खींचते रहे। ग्रैंड रोड पर झांझ, नगाड़ों, शंख और तुरहियों की गूंज के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते नजर आए।

बारिश का पानी जमा न हो, इसके लिए ग्रैंड रोड पर विशेष इंतजाम किए गए, ताकि रथयात्रा बिना रुकावट आगे बढ़ सके।

# भारत में पहली हाइड्रोजन ट्रेन शुरू

## हरियाणा में जींद से सोनीपत तक 89 किमी. का रूट

### यह दुनिया में सबसे लंबी और ताकतवर : पीएम मोदी

नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन जींद से सोनीपत के लिए रवाना हुई। इसके साथ ही भारत हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन शुरू करने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया। इससे पहले जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन और चीन में हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही हैं। पीएम मोदी ने कहा- जींद-सोनीपत के बीच चलने वाली यह ट्रेन दुनिया की सबसे ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेन है। इस ट्रेन को भारत के इंजीनियरों ने डिजाइन किया है और भारत की ही कंपनी ने बनाया है।

**10 कोच वाली यह ट्रेन जींद**-सोनीपत रूट पर 14 स्टेशनों के बीच अधिकतम 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। इसका किराया 5 से 25 रुपए के बीच रखा गया है। ट्रेन 89 किलोमीटर का सफर करीब 2 घंटे में पूरा करेगी। पहले दिन यह ट्रेन सुबह 11:22 पर जींद से चली और ठीक दो घंटे बाद दोपहर 1:22 बजे सोनीपत पहुंच गई।

#### रैली में पीएम मोदी के संबोधन की 4 अहम बातें...

- **स्वच्छता को अपना संस्कार बनाएं**- पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर सफाई अभियान देख रहा था। यदि जींद के लोग संकल्प ले लें, तो स्वच्छता को अपना स्वभाव और संस्कार बनाकर हर दिन की जिंदगी का हिस्सा बना सकते हैं।
- **रेल नेटवर्क का 99% इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ**- 1925 से 2014 तक करीब 90 साल में देश के रेल नेटवर्क का केवल 30% बिजलीकरण हुआ था। पिछले 12 सालों में करीब 99% रेल नेटवर्क का बिजलीकरण हो चुका है। यदि होर्मुज स्ट्रेट में युद्ध जैसी स्थिति 2014 से पहले बनती तो डीजल आपूर्ति प्रभावित होने से रेलवे भी संकट में आ सकता था। अब हालात बदल चुके हैं।
- **भारत 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा**- भारत न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ स्पोर्ट्स इंडस्ट्री और खिलाड़ियों के ट्रेनिंग के क्षेत्र में मिलकर काम करेगा। भारत 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा और 2036 ओलिंपिक की मेजबानी के लिए भी प्रयास कर रहा है। सरकार खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देगी।
- **जींद से कई यादें जुड़ीं**- यहां कई पुराने चेहरे दिख रहे हैं। मैं पहले संगठन के काम से जींद आता था। मुर्रा भैंस का दूध-दही और घी, यहां का देसी बूरा और घेवर, इसे कोई कैसे भूल सकता है। जींद का घी, बूरा और घेवर वही है, लेकिन तेवर बदल गए है।

## आप सरकार की कर्ज पर मौज : मोदी



**चंडीगढ़/जालंधर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार (17 जुलाई) को जालंधर रैली में कहा- पंजाब में कट्टर बेईमान पार्टी की सरकार है। यहां की सरकार कर्ज पर मौज कर रही है। इस पार्टी ने किसानों और बहन-बेटियों के साथ धोखा किया है। लॉ एंड ऑर्डर के ये हालात हैं कि कब कहां गैंगवार हो जाए, कहां किस दिशा से गोलियां चलने लगें, कोई कह नहीं सकता। व्यापार-कारोबार करना मुश्किल हो चुका है। थानों पर अटैक हो रहे हैं।

पीएम ने कहा कि यहां कांग्रेस का भी अपना रोना धोना चल रहा है। इनका तो कुर्सी का किस्सा खत्म नहीं हो रहा है। अकाली दल का भी यही हाल है। उनकी अपनी उलझनें खत्म नहीं हो रही हैं। पंजाब में बीजेपी ही असली बदलाव लाएगी। हरियाणा में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को रवाना करने के बाद पीएम पहले चंडीगढ़ पहुंचे। जहां उन्होंने 4700 करोड़ के प्रोजेक्टों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में नए एमबीबीएस कॉलेज को मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही वहां पढ़ाई शुरू होगी। यहां मंच पर चंडीगढ़ से कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी भी मौजूद रहे। प्रोजेक्टों के नींव पत्थर में विपक्षी सांसदों के साथ ष्टरूभगवंत मान का भी नाम रहा। हालांकि मान पीएम के साथ कहीं स्टेज पर नहीं आए। इसके बाद जालंधर आकर 5470 करोड़ रुपए के प्रोजेक्टों का उद्घाटन किया। यहां वे संतों से भी मिले। उन्होंने सीर गोवर्धनपुर वाराणसी एक्सप्रेस (अमृतसर के छेहर्टा से वाराणसी तक) को हरी झंडी दिखाई। इसी ट्रेन में रविदासिया समाज के सबसे बड़े डेरे सचखंड बल्लां के मुखी संत निरंजन दास और स्कूली बच्चों से मिलकर बातचीत की।

## राजस्थान के 48 हॉस्पिटल आरजीएचएस से निलंबित

### 24 अस्पतालों पर 3 करोड़ जुर्माना; जयपुर के मणिपाल सोनी और इंडस समेत 9 हॉस्पिटल शामिल

**जयपुर।** राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में भ्रष्टाचार को लेकर राज्य सरकार ने 51 अस्पतालों को योजना से निलंबित कर दिया। इसमें राजस्थान के 48, अहमदाबाद के 2 और दिल्ली का 1 अस्पताल शामिल है। वहीं 24 अस्पतालों पर करीब 3 करोड़ रुपए का भी जुर्माना लगाया है। इसमें जयपुर के मणिपाल, सोनी, नारायणा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, महावीर जयपुरिया हॉस्पिटल और इंडस हॉस्पिटल समेत 9 अस्पताल शामिल हैं। सरकार ने यह कार्रवाई पिछले 3 महीने में की है। आज (शुक्रवार) रिपोर्ट जारी की गई है। वहीं उदयपुर के पारस जेके हॉस्पिटल, डूंगरपुर का जील हॉस्पिटल और अजमेर के मार्बल सिटी हॉस्पिटल सहित कुल 24 अस्पतालों के खिलाफ रिकवरी और जुर्माने की कार्रवाई की।

#### चिकित्सा मंत्री बोले- भ्रष्टाचार स्वीकार नहीं किया जाएगा

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि सरकार ने आरजीएचएस में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। वित्तीय अनियमितता, फर्जी क्लेम और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

#### प्रमुख शासन सचिव बोलीं- गंभीर अनियमितताएं सामने आई

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया- ऑडिट के दौरान अस्पतालों में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इनमें फर्जी या डुप्लीकेट दस्तावेज के आधार पर क्लेम, जरूरत से ज्यादा जांचें कराना, एक ही पैकेज की सेवाओं को अलग-अलग दिखाकर अतिरिक्त भुगतान लेना, आवश्यक दस्तावेज के बिना क्लेम प्रस्तुत करना और ओपीडी मरीजों को अनुचित तरीके से आईपीडी में भर्ती दिखाकर भुगतान लेना जैसी गड़बड़ियां शामिल हैं।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-एसआईआर से नाम कटने पर नागरिकता नहीं जाती

### बंगाल सरकार-ईसी को नोटिस; योजनाओं का लाभ न रोकने वाली याचिका पर मांगा जवाब

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वोटर लिस्ट से बाहर किए गए लोगों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वोटर लिस्ट में से नाम हटने से किसी की नागरिकता नहीं जाती है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें मांग की गई है कि बंगाल में जिन लोगों के नाम स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के कारण कट गए हैं उनको सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना बंद नहीं होना चाहिए। साथ ही नागरिकता पर अंतिम फैसला होने तक सभी सुविधाएं मिलती रहनी चाहिए। इस मामले में चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।



#### याचिका में सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग

याचिकाकर्ता प्रसनजीत बोस के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि नागरिकता से जुड़े 34 लाख मामले अभी भी लंबित हैं, जबकि अब तक सिर्फ 38 हजार मामलों का निपटारा हुआ है। फिलहाल केवल 19 ट्रिब्यूनल काम कर रहे हैं। ट्रिब्यूनलों का कामकाज पारदर्शी बनाने, उनकी वेबसाइट पर सभी आदेश और नियम सार्वजनिक करने की मांग की गई है। वोटर लिस्ट से नाम हटने के बाद कई लोगों को राशन, अन्नपूर्णा या दूसरी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो रही है, जबकि उनकी नागरिकता पर अभी फैसला नहीं हुआ है। जिन लोगों के पास पासपोर्ट जैसे वैध दस्तावेज हैं, उनसे नागरिकता साबित करने के लिए बार-बार दूसरे दस्तावेज न मांगे जाएं।

#### बंगाल सरकार ने योजनाओं का लाभ देने से मना किया

दरअसल बंगाल सरकार ने पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के तहत अन्नपूर्णा योजना जैसी योजनाओं का लाभ उन लोगों को देने से मना करने के लिए नोटिफिकेशन जारी किए हैं जिनका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। दावा किया गया कि उन लोगों को जाति सर्टिफिकेट भी नहीं दिए जा रहे हैं।

#### बंगाल में वोटर लिस्ट से 58 लाख से ज्यादा नाम कटे

पश्चिम बंगाल में एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट में 58.20 लाख नाम कट गए हैं। ड्राफ्ट लिस्ट से पहले राज्य में 7.66 करोड़ थे, ड्राफ्ट लिस्ट में 7.08 करोड़ वोटर्स का नाम शामिल किया गया। काटे गए वोटर्स का प्रतिशत 7.6 है, यानी हर 100 से में लगभग 8 वोटर्स का नाम हटाया गया है। हालांकि, 58.20 लाख वोटर्स में से 24.17 लाख मृत पाए गए, 1.38 लाख डुप्लीकेट या फर्जी थे, 32.65 लाख वोटर्स शिफ्ट, लापता और अन्य थे।

## हाईकोर्ट ने कहा- एक समय में एक पुलिसकर्मी दो-जगह कैसे ?

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नशीली दवाओं के स्टॉक रखने के मामले में दोषी ठहराए गए व्यक्ति की सजा सस्पेंड करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए। जस्टिस अनिल उपमन की कोर्ट ने कहा- पूरे मामले में जिस कॉन्स्टेबल की सूचना पर कार्रवाई करना बताया गया है, वह कार्रवाई के समय घटना स्थल पर मौजूद था। वहीं उसी कॉन्स्टेबल को ठीक उसी समय दूसरी जगह हुई कार्रवाई में भी उपस्थित होना पाया गया है। ऐसे में एक समय में एक ही पुलिसकर्मी दो अलग-अलग जगह की कार्रवाई में कैसे उपस्थित हो सकता है। कोर्ट ने कहा- यह मानवीय रूप से तो संभव नहीं है।

## कोबरी-सार




## मानसून सत्र 20 जुलाई से, सरकार 7 बिल लाएगी

### वंदे मातरम के अपमान और विदेशी चंदे पर सख्ती की तैयारी, परिसीमन बिल का जिक्र नहीं

नई दिल्ली।

20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र के लिए सरकार ने एजेंडा तय कर लिया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, लोकसभा में 7 बिल पेश किए जाएंगे। इनमें वंदे मातरम के अपमान और विदेशी चंदा कानून में संशोधन से जुड़े विधेयक भी शामिल हैं। बिलों की अस्थायी सूची में अभी किसी भी संविधान संशोधन बिल जैसे परिसीमन या नारी संशोधन का जिक्र नहीं है। 13 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र में कांग्रेस समेत विपक्षी दल नीट-यूजी पेपर लीक, अन्य भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, अयोध्या राम मंदिर दान विवाद, ई20 ईंधन और विदेश नीति जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। यह सत्र 25 दिनों तक चलेगा, कुल 19 बैठकें होंगी। दिल्ली के कर्तव्य भवन में शुक्रवार को एनडीए नेताओं की बैठक हुई। इसमें केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान और ललन सिंह समेत कई सीनियर लीडर शामिल हुए।



#### 7 में से 2 बिल पुराने, 3 पहली बार पेश होंगे

सात में से दो विधेयक फॉरेन कंट्रीब्यूशन और विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान पुराने हैं। विदेशी चंदे से जुड़ा विधेयक 25 मार्च 2026 को और शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 15 दिसंबर 2025 को लोकसभा में पेश किया गया था। शिक्षा से जुड़े बिल को जॉइंट कमेटी के पास भेज दिया गया था।

इनकम टैक्स बिल, 2026 और सुप्रीम कोर्ट में जज की संख्या बढ़ाने वाले बिल अध्यादेशों का स्थान लेंगे। जबकि जन्म-मृत्यु, वंदे मातरम के अपमान और एमएसएमई से जुड़े तीन बिल पहली बार पेश किए जाएंगे।

## आंध्र प्रदेश में कोरोना के 12 मामले, 4 मौत

### जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए पुणे भेजे गए सैंपल, पड़ोसी राज्य कर्नाटक अलर्ट पर

अमरावती।



आंध्र प्रदेश में 26 जून से 16 जुलाई के बीच कोरोना संक्रमण के 12 मामले सामने आए हैं। इस दौरान 4 मरीजों की मौत भी हुई है। राज्य सरकार ने वायरस के वैरिएंट का पता लगाने के लिए 5 सैंपल नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे भेजे हैं। उधर पड़ोसी राज्य कर्नाटक में भी सावधानियां बढ़ा दी गई हैं। आंध्र प्रदेश की स्वास्थ्य सचिव और कमिश्नर वीरा पांडियन के मुताबिक, जिन 4 मरीजों की मौत हुई, वे पहले से ही गंभीर बीमारियों जैसे हाइपरटेंशन, डायबिटीज और किडनी की समस्या से जूझ रहे थे। राज्य में अब तक कुल 339 कोरोना मामले सामने आए हैं, जिनमें से 12 आंध्र प्रदेश के हैं। आंकड़ों के अनुसार, कडपा में 8, गुंटूर में 2, विशाखापत्तनम और काकीनाडा में 1-1 मामला दर्ज किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि ये मामले अलग-अलग इलाकों से हैं और कहीं भी क्लस्टर नहीं बना है। फिलहाल 3 मरीज होम आइसोलेशन में हैं और 2 अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि 3 लोग ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। विशाखापत्तनम के केजीएच अस्पताल की सुपरिटेंडेंट डॉ. वाणी ने बताया कि वहां एक मरीज में कोरोना की पुष्टि हुई है। लक्षण दिखने पर डॉक्टर ने उसे टेस्ट की सलाह दी थी। निजी लैब में पुष्टि के बाद केजीएच अस्पताल में भी दोबारा जांच की गई, जिसमें रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

#### प्रशासन की अपील- घबराएं नहीं

आंध्र प्रदेश की स्वास्थ्य सचिव वीरा पांडियन ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि राज्यभर के अस्पतालों और स्वास्थ्य कर्मियों को अलर्ट पर रखा गया है। देशभर में 1 जुलाई से अब तक 339 कोरोना मामले दर्ज किए गए हैं।

#### पड़ोसी राज्य कर्नाटक में भी सावधानी बरती जा रही

कोराना के नए मामलों को देखते हुए आंध्र प्रदेश के पड़ोसी राज्य कर्नाटक में भी सावधानी बरती जा रही है। तुमकुरु जिले की डिप्टी कमिश्नर शुभा कल्याण ने कहा, आंध्र प्रदेश में कोविड-19 के मामले सामने आए हैं। हमारे तुमकुरु जिले की कुछ तहसीलें, जैसे पावागड़ा, आंध्र प्रदेश की सीमा से लगी हुई हैं। इसलिए एहतियात के तौर पर हमने सावधानी संबंधी उपाय लागू करने का फैसला किया है।

# कुल्हाड़ी से गला काटकर की भाई की हत्या

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा में पैसे के विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई पर कुल्हाड़ी से गले में ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल को पिता और स्थानीय लोगों ने हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना नोखा कस्बे के पंचारिया चौक पर शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे हुई।

### नशे के लिए मांगे थे पैसे

एएसआई बलवान सिंह ने बताया-मृतक के पिता ने रिपोर्ट में बताया कि गुरुवार रात हुकुमचंद उर्फ सेवाराम 32 ने आरोपी छोटे भाई जगदीश 29 पुत्र ओमप्रकाश से नशे के लिए पैसे मांगे। जगदीश ने पैसे देने से मना किया तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। दोनों घर से बाहर निकलकर झगड़ने लगे। विवाद बढ़ने पर छोटा भाई जगदीश घर के अंदर से कुल्हाड़ी लाया और बड़े भाई हुकुमचंद पर ताबड़तोड़ वार कर दिए।

### परिजन लहूलुहान हालत में ले गए अस्पताल

हुकुमचंद लहूलुहान हालत में सड़क पर ही गिर पड़ा। इस दौरान वहां से गुजर रहे स्थानीय सुनील भादू ने लहूलुहान पड़े देखा तो लोगों को सूचना दी। मृतक के पिता और परिजन तुरंत हुकुमचंद को बागड़ी जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही नोखा सीओ जरनैल सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस नेआरोपी को उसके घर से ही हिरासत में ले लिया और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल कुल्हाड़ी जब्त कर ली है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। पुलिस ने घटना स्थल पर बैरिकेडिंग कर दीहै। फिलहाल मौके पर पुलिस और आरएसी जाब्ता तैनात है। मृतक के पिता ओमप्रकाश ने बताया-आरोपी भाई जगदीश पंचारिया की दुकान चलाता था। जबकि मृतक हुकुमचंद नशे का आदी था और कोई काम नहीं करता था।स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों भाइयों में पहले भी कई बार विवाद हो चुका था। मृतक के परिवार में पिता और तीन भाई हैं। बड़ा भाई पुखराज बाहर रहता है जबकि हुकुमचंद और जगदीश पिता के साथ रहते थे। आरोपी और मृतक दोनों भाई अविवाहित हैं।

# विधिक जागरूकता एवं जनहित शिविर का आयोजन

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तालुका विधिक सेवा समिति, तारानगर के निर्देशानुसार तारानगर में मनरेगा कार्यस्थल पर विधिक जागरूकता एवं जनहित शिविर का आयोजन किया गया। पीएलवी श्वेता भाकर ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य मनरेगा श्रमिकों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं तथा सामाजिक एवं कानूनी विषयों के प्रति जागरूक करना था। शिविर में उपस्थित श्रमिकों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के अंतर्गत उपलब्ध अधिकारों एवं सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें जॉब कार्ड, समय पर रोजगार उपलब्ध कराने, निर्धारित समय में मजदूरी भुगतान, कार्यस्थल पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाएँ तथा शिकायत निवारण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त श्रमिकों को बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए बाल विवाह के दुष्परिणामों, इसके कानूनी प्रावधानों तथा बाल विवाह रोकने में समाज की भूमिका के बारे में जागरूक किया गया। पीएलवी भाकर ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति होने के साथ-साथ कानूनन दंडनीय अपराध है। सभी उपस्थित श्रमिकों से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने तथा अपने परिवार एवं समाज में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया गया। शिविर के दौरान श्रमिकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया तथा उन्हें आवश्यकता पड़ने पर नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। जागरूकता शिविर में कुल 35 मनरेगा श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया तथा भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता व्यक्त की।

# अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में चल रहे अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं । अणुव्रत समिति के ए सी सी संयोजक नरेन्द्र सांकृत्य ने बताया कि तहसील के ग्राम लूंछ की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में् हमारी ताकत, हमारा परिवार विषय पर भाषण और चित्रकला प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई । प्रतियोगिताओं के निर्णायक व्याख्याता नंदन शर्मा व बी सी आई बनवारी लाल सुंडा थे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आर्या जांगिड़, द्वितीय स्थान जय शर्मा और तृतीय स्थान मधु कँवर ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में कांता पवार प्रथम स्थान पर लक्ष्मी जांगिड़ द्वितीय तथा जितेंद्र तृतीय स्थान पर रहे तथा चित्रकला के कनिष्ठ वर्ग में प्रियंका पवार प्रथम, रोशनी द्वितीय तथा मनीषा पंवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी आगे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे । इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य मगनाराम नायक, व्याख्याता सरिता, अजयसिं रायका, श्रीभगवान, सरोज सैनी, पूजा शर्मा, दसंगीता बरोठिया उपस्थित रहे।

# प्रजापति समाज की बैठक आयोजित

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में श्री प्रजापति समाज सेवा संस्थान की बैठक प्रजापति भवन में लालचन्द मारोठिया कि अध्यक्षता में हुई। संस्था के अध्यक्ष किशनाराम बबेरवाल ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 30 अगस्त 2026 प्रात: 10 बजे पण्डित दिनदयाल उपाध्याय टाऊन हॉल में किया जायेगा। यह आयोजन गोपीचन्द ताराचन्द सांवरमल बीमार, जालेऊ के आर्थिक सोजन्य से होगा। आयोजित कार्यक्रम में 10वी व 12वीं में 75 प्रतिशत, व सनातकोतर में 65 प्रतिशत अंकों वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। इसके अतिरिका खेलकुद, सरकारी सर्विस व अन्य प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जायेगा। इस अवसर पर ओम प्रकाश सीमार किशनलाल घोडला, हनुमान बारवाल, भीमराज भोभरीया, विष्णुदत लूहानीवाल, कानाराम बबेरवाल, ओम प्रकाश घोडला, मदन घोडेला, सीताराम, भवानीशंकर आदि उपस्थित थे।

# देवता के खेल मैदान में माकड़ों मंडल के वीर शिवाजी महाराणा प्रताप खेल संगम का समापन

निसं



खेतड़ी (नवयत्न)। खेतड़ी उपखंड के देवता के राजकीय स्कूल के खेल मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माकड़ों मंडल द्वारा आयोजित ग्राम वासियों के सहयोग से वीर शिवाजी महाराणा प्रताप खेल संगम 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच रघुवीर सिंह कसाना, विशिष्ट अतिथि कैप्टन मदन लाल गुर्जर, हवलदार अर्जुन सिंह थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हवलदार नत्थू सिंह ने की। मंडल पालक अशोक कसाना ने बताया राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ माकड़ों मंडल के सौजन्य वीर शिवाजी महाराणा प्रताप खेल संगम 2026 ग्राम पंचायत देवता के राउमावि के खेल मैदान में ग्राम विकास समिति देवता एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित कबड्डी, रस्साकशी एवं दौड़ खेल संगम प्रतियोगिता का समापन हुआ। खेल संगम प्रतियोगिता में 11 गांवों विद्यालय विद्यार्थी एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबले में तातीजा ने देवता को तथा में रस्साकसी में देवता ने तातीजा को हराया। 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अनिल तातीजा प्रथम, रविंद्र कुमार तातीजा दूसरे स्थान पर रहे। विजेताओं को ग्राम पंचायत देवता की ओर से ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया प्रतिभागी जीतने वाले खंड स्तर पर खेतड़ी नगर में खेल संगम में भाग लेंगे। युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। सरपंच रघुवीर सिंह कसाना ने खेल मैदान में युवाओं की सुविधाओं को देखते हुए पानी की टंकी बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर औंकारमल खटाणा, हवलदार महेंद्र सिंह, नत्थूराम मणकस, हवलदार प्रदीप कुमार, समाज सेवी राजेश कसाना, लालचंद कसाना, यादराम कसाना, कृष्ण कुमार कसाना, सुमित शर्मा, प्रमोद रोड़ासर, ममता गुर्जर, मनोज कुमार कसाना, अंकित मेघवाल, अशोक चंदेला गुर्जरवास, विकास मरोडिया, सुदेश मणकस, छोटेलाल कसाना, अशीष कसाना एहेतराम कसाना, अमरदीप बजाड़ सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# अंतरर्राष्ट्रीय न्याय दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनू का विशेष आयोजन

जयशंकर जांगिड़




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान एवं अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनू के निर्देशन में आज दिनांक 17.07.2026 को अंतरर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झुंझुनू द्वारा मोदी वर्ल्ड स्कूल झुंझुनू में एक विशेष विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनू की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। डॉ. महेन्द्र के. सिंह सोलंकी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनू अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 17 जुलाई को अंतरर्राष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य पीड़ितों के अधिकारों को बढ़ावा देना और समाज के हर वर्ग तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि नागरिकों और पीड़ितों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि न्याय पाना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, चाहे वह अमीर हो या गरीब। सचिव महोदय ने नालसा एवं रालसा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नि:शुल्क कानूनी सहायता योजना के तहत पीड़ित महिलाओं, बच्चों, बंधुआ मजदूरों, और अनुसूचित जाति/जनजाति के नागरिकों को प्राधिकरण की ओर से नि:शुल्क विधिक सहायता दी जाती है तथा उपस्थितजन को विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में जागरूक कर संदेश दिया कि लोग अपने अधिकारों के प्रति सजग बनें, क्योंकि जागरूकता ही शोषण के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है। डॉ. महेन्द्र के. सिंह सोलंकी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनू अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरों को साइबर सुरक्षा, पॉक्सो एक्ट और किशोर न्याय अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, नालसा हेल्पलाईन नं. 15100, कम उम्र में किए जाने वाले बाल विवाह के दुष्प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवेदनशील बनाना है।

# मीना सोनी झुंझुनू जिला महिला प्रभारी नियुक्त

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** समस्त भारतीय स्वर्णकार परिवार राष्ट्रीय ने झुंझुनू जिले के ढीगाल निवासी मीना सोनी को संगठन का जिला झुंझुनू महिला प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर स्वर्णकार समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक जगजीवन राम सोनी ने बताया कि यह नियुक्ति राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष नीलम सोनी, राष्ट्रीय महिला प्रभारी नीतू सोनी सहित राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के महिला पदाधिकारियों तथा संगठन के अन्य पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से की गई है। उन्होंने बताया कि मीना सोनी लंबे समय से धार्मिक, सामाजिक, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। समाज सेवा के प्रति उनकी निष्ठा, संगठनात्मक क्षमता और नेतृत्व कौशल को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में जिले में संगठन का विस्तार होगा तथा अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़कर महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता, शिक्षा और सेवा कार्यों को नई गति मिलेगी।

# जिला कलक्टर ने किया डीबी अस्पताल का औचक निरीक्षण



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय डीबी जनरल अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा चिकित्सा अधिकारियों को समुचित दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि सरकारी अस्पताल आमजन की भरोसेमंद उम्मीद होते हैं, इसलिए सेवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। जिला मुख्यालय के इस सबसे बड़े अस्पताल में शिशु सेवाएं, महिला स्वास्थ्य सेवाएं, जांच एवं दवा वितरण बेहतरीन ढंग से प्रबंधित हों तथा परिसर में साफसफाई सुचारू रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि ओपीडी समय में मरीजों को समुचित इलाज मिले, इमरजेंसी सेवाएं सुदृढ़ रहें और मरीजों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। निरीक्षण के दौरान रेडियोलॉजी विभाग में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए जिला कलक्टर ने टोकन व्यवस्था लागू करने तथा सुरक्षा गार्डों की अतिरिक्त तैनाती के निर्देश दिए। नव निर्मित ओपीडी भवन में दवा वितरण केंद्रए मरीज पर्ची काउंटर एवं ब्लड कलेक्शन सेंटर एक ही स्थान पर शुरू करने की जानकारी अस्पताल प्रशासन द्वारा दी गई। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न क्षेत्रों में बने रैम्प की आवश्यक मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए ताकि मरीजों को विभिन्न तल एवं आईसीयू तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रबंधन नियमित स्व.समीक्षा करे और कमियों को समय रहते दूर करे, ताकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के संकल्प को धरातल पर उतारा जा सके। अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी तथा मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. रमाकांत खींची ने चिकित्सा प्रबंधन से अवगत कराया।

# पुलिस कंट्रोल रूम के परिसर में किया पौधारोपण



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय झुंझुनू में स्थित पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में पौधारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा के सानिध्य में पर्यावरण को शुद्ध रखने हेतु पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर अजीत सिंह सिंह सहायक उप निरीक्षक ताराचंद सहायक उप निरीक्षक एकर सलाहकार नितिन अग्रवाल, हिंदुस्तान स्काउट गाइड के स्काउट अधिकारी प्रदीप इसरवाल, जिला स्काउट गाइड के कोषाध्यक्ष सत्यवीर पुनिया, अशोक कुमार प्रोग्राममर, राजेंद्र सिंह सहायक प्रोग्रामर, गौरव सैनी सूचना सहायक, व साइबर पुलिस थाना झुंझुनू की टीम उपस्थित थे। पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए सभी स्टॉफ ने शपथ ली कि खुद तो पेड़ लगाएंगे ओर दूसरों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करेंगे।

# जुआ, हथियार और वारंटियों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई, पुलिस ने 15 को किया गिरफ्तार

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** बीकानेर रेंज के महानिरीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत सरदारशहर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 15 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान जुआ-सट्टा, आर्म्स एक्ट और स्थायी वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नकदी जब्त की गई तथा एक अवैध सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल भी बरामद की गई। जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम. आईपीएस ने बताया कि संगठित अपराधियों, विभिन्न गैंग, लूट, हत्या, डकैती, चोरी, नकबजनी तथा आर्म्स एक्ट के मामलों में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में 4 विशेष टीमों का गठन किया गया। टीमों ने क्षेत्र के 47 स्थानों पर दबिश देकर कार्रवाई को अंजाम दिया। अभियान के दौरान आर्म्स एक्ट के एक प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद की गई। वहीं जुआ एक्ट के दो मामलों में कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 33,650 रुपये की जुआ राशि जब्त की गई। इसके अलावा पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे एक जघन्य अपराध में वांछित अपराधी सहित कुल 4 स्थायी वारंटियों को भी गिरफ्तार किया।

साथ ही हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी भीमसेन को भी दबिश देकर गिरफ्तार किया गया, जिससे मामले में अनुसंधान जारी है। पुलिस ने अभियान के दौरान कुख्यात गैंगस्टर एवं हार्डकोर अपराधी महेंद्र डेलाना की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों एवं खेतों पर भी दबिश दी। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## जेजेटी के राजपाल सिंह सरकारी लाइब्रेरियन बनें



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जेजेटी यूनिवर्सिटी के छात्र राजपाल सिंह पुत्र सुल्तान सिंह, शरबती देवी ग्राम कस्वा की ढाणी कालियासर का राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड आरएसएसबी लाइब्रेरियन ग्रेड. सीधी भर्ती में चयन हुआ है राजपाल सिंह जेजेटी यूनिवर्सिटी में 2022-23 से बी एल आई एस सी पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान से स्नातक की डिग्री प्राप्त की थी इसके बाद कड़ी मेहनत के बाद इनका चयन माध्यमिक शिक्षा सरकार द्वारा आयोजित सीधी भर्ती लाइब्रेरियन ग्रेड 2024 में हुआ इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. विनोद टीबडेवाला प्रेसिडेंट डॉ. मधु गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ. अजीत कुमार एमुख्य वित्त अधिकारी डॉ अमन गुप्ता सहित विश्वविद्यालय की सभी फैकेल्टी ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# नवनियुक्त थाना अधिकारी धीरेन्द्र सिंह शेखावत का किया भव्य स्वागत

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्थानीय थाना के नवनियुक्त थाना अधिकारी धीरेन्द्र सिंह शेखावत का पूर्व सरपंच त्रिलोकचंद सुथार के नेतृत्व में गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शेखावत का साफा पहनाकर, पुष्पमाला एवं बुके भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर पूर्व सरपंच त्रिलोकचंद सुथार ने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय एवं विश्वास कायम रहना आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि थाना अधिकारी धीरेन्द्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज और पुलिस के संयुक्त प्रयासों से अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। वहीं, नवनियुक्त थाना अधिकारी धीरेन्द्र सिंह शेखावत ने स्वागत एवं सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण करना तथा आमजन को न्यायपूर्ण एवं संवेदनशील पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराना रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए तत्पर है तथा आमजन के सहयोग से क्षेत्र को अपराधमुक्त और सुरक्षित बनाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर तिलोकचन्द सुथार पुर्व सरपंच पातलीसर बडा, गोपासिह पुर्व सरपंच, अर्जन सुथार, राजुराम सुथार सहित कई लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने नवनियुक्त थाना अधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# आगरा कैंट घटना के विरोध में रेलवे कर्मचारियों का प्रदर्शन : सूरपुरा रेलवे स्टेशन पर कैंडल मार्च निकाला

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** रेलवे कर्मचारियों ने आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर डिप्टी स्टेशन अधीक्षक डीवाई. एसएस. के साथ हुई कथित अमानवीय घटना के विरोध में सूरपुरा रेलवे स्टेशन पर कैंडल मार्च निकाला। यह मार्च गुरुवार को आयोजित किया गया। ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के आह्वान पर आयोजित इस मार्च का नेतृत्व स्टेशन अधीक्षक नरेश लाल वर्मा ने किया। इसमें स्टेशन मास्टर मंगलचंद सहित रेलवे के अन्य कर्मचारी भी शामिल हुए। कर्मचारियों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराया और आगरा कैंट की घटना की निंदा की। उन्होंने मांग की कि रेलवे ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जाए। कर्मचारियों ने आगरा कैंट स्टेशन पर डिप्टी स्टेशन अधीक्षक के साथ हुई घटना के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की।

# मुकुंदगढ़ के हंस गुर्जर ने नीट पास की

निसं



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** वार्ड नं 2 के हंस गुर्जर पुत्र नरेश गुर्जर को नीट की सफलता प्राप्त की है। हंस के पिता नरेश जोधपुर में निजी स्कूल संचालित करते है। मम्मी सुमन गुर्जर होम्योपैथी कंपाउंडर के पद पर कार्यरत है। हंस ने अपनी सफलता का माता पिता एवं श्रेय दादा ब्रजलाल गुर्जर, चाचा नरेंद्र गुर्जर को दिया है जो की पढ़ाई के साथ साथ घर मे मिले संस्करों को दिया है। डूंडलोद की बेटी शाहिस्ता बेहलिम कुरैशी पुत्री नदीम अहमद एवं सुपौत्री हाजी लियाकत अली ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। शाहिस्ता ने 720 मे से 587 अंक प्राप्त किए। शाहिस्ता ने डूंडलोद विद्यापीठ मे मिली शिक्षा एवं डॉ शोएब एवं डॉ शबनम को दिया है। दोनों डॉक्टर जयपुर एस एम एस एवं जानना हॉस्पिटल से पीजी कर रहे है। परिवार के न्यूम अलीए वसीम, युशूफ, सलीम, जाकिर रफीक, हारून, आरिफ अली सहित अन्य परिवारजनों ने बधाई दी है। मोहब्बतसरी निवासी आयुषी पूनिया सुपुत्री गजेंद्र पूनिया की 2026 में रैंक 1939, रैंक 670 आने पर परिवार में खुशी का माहौल। डॉ नंदकिशोर पूनियाए प्रचार्य नितिन पूनिया, बैंक मैनेजर अमित पूनिया, प्रदीप पूनिया ने दी बधाई।

# चार महीने में काम पूरा करने का दावा हुआ फैल

### दस महीनों से तीन किलोमीटर अतिरिक्त घुमाव बना मजबूरी



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** रेलवे फाटक संख्या 33-सी पर सितंबर माह में शुरू किया गया अंडरपास निर्माण कार्य अपनी सुस्त रफ्तारी के चलते दस महीने बाद भी पूरा नहीं हो सका है। निर्माण शुरू होने के समय ठेकेदार ने महज चार महीने में अंडरपास तैयार करने का आश्वासन दिया था, लेकिन समय सीमा खत्म होने के कई महीने बाद भी निर्माण अब भी अधूरा पड़ा है। इससे शहर की चौथाई आबादी को प्रतिदिन तीन किलोमीटर अतिरिकत घुमाव का सामना करना पड़ रहा है।

### दस माह से अतिरिक्त घुमाव झेल रही शहर की चौथाई आबादी

रेल्वे फाटक 33 सी पर पिछले दस महीनों से फाटक पूरी तरह बंद होने के कारण शहर की एक चौथाई आबादी को फाटक पार अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए करीब तीन किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। इससे मरीजों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों और ग्रामीणों को रोजाना समय, ईंधन और धन की अतिरिक्त मार भी झेलनी पड़ रही है। इसके अलावा फाटक पार उपखंड अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, पुलिस थाना, पंचायत समिति, पीडब्ल्यूडी विभाग, मुख्य डाकघर, आधार कार्ड केंद्र सहित करीब एक दर्जन महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय और स्कूल, कॉलेज भी इसी क्षेत्र में स्थित हैं। इन कार्यालयों में प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन रहता है। अंडरपास निर्माण में देरी होने के चलते एक बड़ी आबादी परेशानियों से घिर गई है।

### अनावश्यक देरी पर आंदोलन की चेतावनी

स्थानीय निवासी अब्दुल हमीद बल्खी, पूर्व पार्षद मोहम्मद नदीम, संदीप प्रजापत, एडवोकेट हरदयाल रुलाणिया, सामाजिक कार्यकर्ता नरपत सिंह गौड़, महेश प्रकाश सांखला, सोनू शर्मा आदि का कहना है कि अंडरपास निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। रेलवे प्रशासन और निर्माण एजेंसी की ढिलाई का खामियाजा लाडनूं उपखंड की जनता को भुगतना पड़ रहा है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे। शहरवासियों ने अंडरपास निर्माण कार्य को गति देकर शीघ्र चालू नहीं करने पर अब उग्र आंदोलन की राह पकड़ने की चेतावनी दी है।

# युवक ने चीनी से भरी पिकअप चुराई : 30 मिनट में तीन गाड़ियों को मारी टक्कर



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा कस्बे में गुरुवार रात एक युवक ने चीनी से भरी पिकअप चुरा ली। युवक ने लगभग 30 मिनट तक वाहन को तेज रफ्तार से दौड़ाते हुए तीन अन्य वाहनों को टक्कर मारी। सूचना मिलने पर नोखा पुलिस ने पीछा कर उसे नोखागांव बाइपास पर पकड़ लिया और एक युवक को हिरासत में लिया।

### चीनी से भरी पिकअप चुराई

हेड कॉन्स्टेबल अक्षय गोयल ने बताया-घटना नवलीगेट स्थित वंदना पेंटर के पास हुई। एक व्यापारी की चीनी से भरी पिकअप वहां खड़ी थी और चालक चाबी वाहन में ही छोड़कर किसी काम से उतरा था। इसी दौरान एक नशेड़ी युवक ने मौका पाकर पिकअप स्टार्ट की और उसे लेकर फरार हो गया।

### तीन वाहनों को मारी टक्कर

भागते समय युवक ने सबसे पहले उसी व्यापारी के पास खड़े एक अन्य वाहन को टक्कर मारी। इसके बाद उसने तेज रफ्तार में एक टैक्सी को भी अपनी चपेट में ले लिया। लगातार टक्कर मारते हुए वह मौके से भाग निकला। घटना के समय क्षेत्र में काफी भीड़ थी, लेकिन राहत की बात यह रही कि कोई राहगीर उसकी चपेट में नहीं आया।

### युवक को हिरासत में लिया

घटना के बाद दुकानदारों, वाहन मालिकों और स्थानीय लोगों ने पिकअप का पीछा करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही नोखा पुलिस भी सक्रिय हुई और लोगों के सहयोग से नोखागांव बाईपास पर पिकअप को रुकवाकर कब्जे में ले लिया। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। देर रात बड़ी संख्या में व्यापारी और वाहन मालिकनोखा थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का झुंझुनू कलेक्ट्रेट पर हुंकार, बोलीं-हमें भीड़ जुटाने की मशीन बना दिया, 10 हजार में घर चलाना मुश्किल

अशोक राईका

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का गुस्सा फूट पड़ा। अखिल राजस्थान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त विकास संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता यशवर्धन सिंह शेखावत भी शामिल रहे। करीब दो घंटे तक नारेबाजी के बीच महिलाओं ने सरकार के खिलाफ जमकर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान गर्मी और उमस के कारण एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की तबीयत बिगड़ गई, जिसे साथी महिलाओं ने संभाला। झुंझुनू इकाई अध्यक्ष उषा कुमारी, संरक्षक आबिदा और महासचिव तारामणि ने कहा कि उन्हें सरकारी कार्यक्रमों और राजनीतिक आयोजनों में भीड़ जुटाने के लिए बुलाया जाता है। उनका कहना था कि मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक या अन्य नेताओं के कार्यक्रमों में भीड़ दिखाने की जिम्मेदारी भी उन पर डाल दी जाती है, जबकि इसके बदले कोई अतिरिक्त सुविधा या भुगतान नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



### 10 हजार में घर चलाना मुश्किल

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनसे विभाग के काम के अलावा कई दूसरे सरकारी काम भी कराए जाते हैं। इसके बावजूद उन्हें सिर्फ करीब 10 हजार रुपए मानदेय मिलता है। उनका कहना था कि आज की महंगाई में इतनी रकम से परिवार का खर्च चलाना मुश्किल है। उन्होंने मानदेय बढ़ाकर 35 हजार रुपए प्रतिमाह करने की मांग की।

### कलेक्टर खुद आकर हमारी बात सुनें

प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जब उन्हें बताया गया कि कलेक्टर ने मांगों को सरकार तक भेजने का भरोसा दिया है, तो कई महिलाएं संतुष्ट नहीं हुईं। उन्होंने कहा कि सिर्फ आश्वासन से काम नहीं चलेगा। कलेक्टर खुद बाहर आकर उनकी समस्याएं सुनें।

### ये थीं प्रमुख मांगें

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को स्थायी सरकारी कर्मचारी बनाया जाए। नियमित होने तक कार्यकर्ताओं को 35 हजार और सहायिकाओं को 25 हजार रूपय मासिक मानदेय दिया जाए। योग्य कार्यकर्ताओं को नई शिक्षा नीति के तहत प्री-प्राइमरी शिक्षक बनाया जाए। अतिरिक्त सरकारी काम का समय पर अलग से भुगतान किया जाए। सभी कार्यकर्ताओं को 5जी सुविधा वाला स्मार्टफोन या टैबलेट दिया जाए। सेवानिवृत्ति पर 10 लाख सम्मान राशि और मासिक पेंशन दी जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से गैर.आईसीडीएस के काम नहीं कराए जाएं। 10 साल की सेवा पूरी करने वाली योग्य कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर पद पर पदोन्नति मिले। छोटे बच्चों की शुरुआती शिक्षा का मुख्य केंद्र आंगनबाड़ी को बनाया जाए। राष्ट्रीय पर्व और त्योहारों पर बोनस व प्रोत्साहन राशि दी जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों के बिजली, पानी और भवन का किराया सरकार नियमित रूप से दे।



### कलेक्ट्रेट पर पुलिस का कड़ा बंदोबस्त

प्रदर्शन को देखते हुए कलेक्ट्रेट पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। डीएसपी गोपाल ढाका, कोतवाली थाना प्रभारी श्रवण कुमार, कालिका टीम और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी पूरे समय मौके पर मौजूद रहे। पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान स्थिति पर नजर बनाए रखीन्याय करें सरकार-यशवर्धन प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता यशवर्धन सिंह शेखावत ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण उन्मूलन, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, टीकाकरण तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त वेतन, सेवा सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार इनसे अतिरिक्त कार्य तो करवा रही है, लेकिन उनकी वर्षों पुरानी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया जा रहा। सरकार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के साथ न्याय करते हुए उनकी सभी लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करना चाहिए।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष ममता पारीक व उपाध्यक्ष मुन्नी शर्मा के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पंचायत समिति व उपखण्ड अधिकारीयों को मानदेय वृद्धि व अन्य मांगो के सम्बन्ध में अनिश्चित काल कार्य बहिष्कार हड़ताल करने बाबत पंचायत समिति से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचकर हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया कि राजस्थान सरकार की समस्त ओगनबाड़ी कार्यकर्ता,



सहायिका पिछले कई वर्षों से केन्द्र सरकार व राज्य-सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर रही हैं। हमें अपनी जायज मांगो को लेकर कई बार ज्ञापन दिये, धरने किये और आन्दोलन भी किये परन्तु आज तक सरकार द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। ज्ञापन में मानदेय में वृद्धि की जाये और समय पर भुगतान हो, ग्रेच्युटी व पेंशन की सुविधा लागू की जाये, ऑनलाइन कार्य का अतिरिक्त भार कम किया जाये, नेटवर्क के कारण हमें बहुत परेशानी होती है, काम के घंटे निर्धारित किए जाए व पदोन्नति के अवसर दिये जाए। जब तक सरकार हमारी मांगों पर सकारातमक निर्णय नहीं लेती है, तब तक हमें मजबूरन आज 17 जुलाई से से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करना पड़ेगा। इस दौरान हम न तो ऑनलाइन कार्य करेंगें और नही ऑफ्लाइन केन्द्र संन्चालित करेंगें। हम नहीं चाहते कि हमारी हड़ताल से गांव के बच्चों और महिलाओं को परेशानी हो। परन्तु हमारे परिवार का पालन पोषण भी जरूरी है। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में महामंत्री मुक्ता सोनी, रचना चौमाल, शिवानी भाटी, सुगना देवी, सरीता जाट, दिपीका शर्मा, राधा कुमारी, प्रेमलता, चन्दा देवी, पूनम, अन्जूबाला, सरस्वती देवी, सरोज शर्मा, निर्मला, सुशीला देवी, सुमन मीणा सहित सैकड़ों मातृशक्ति उपस्थित थीं।

# मेगा आई चेकअप व आई अवेयरनेस कार्यक्रम का शुभारंभ




निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** महाप्रज्ञ प्रोग्रेसिव स्कूल में आचार्य महाश्रमण का मंगल आगमन हुआ। कार्यक्रम में अपने प्रेरक उद्बोधन में आचार्य श्री ने बाहरी दृष्टि के साथ-साथ आंतरिक दृष्टि के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार स्वस्थ नेत्र हमारे जीवन के लिए आवश्यक हैं, उसी प्रकार हमारी अंतर्दृष्टि का निर्मल और पवित्र होना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी को अपनी अंतरात्मा को स्वच्छ रखते हुए आत्मचिंतन एवं आत्मविकास की दिशा में निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। महाप्रज्ञ प्रोग्रेसिव स्कूल की प्रधानाचार्या नीलिमा सिंह ने तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के इस सामाजिक एवं जनकल्याणकारी अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि अणुव्रत आंदोलन का एक महत्वपूर्ण नियम है कि किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। वर्तमान समय में मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग भी एक प्रकार का नशा बनता जा रहा है।

इस अवसर पर उनके साथ जैन विश्व भारती के अध्यक्ष अमरचंद लुंकड एवं जैन विश्व भारती के परिसर संयोजक धर्मचंद लुंकड़, मुख्य न्यासी जयंती लाल सुराणा, कुलपति प्रोफेसर बचछराज दुगड़, संदीप मुथा, पन्ना लाल बैद और ललित भी उपस्थित रहे।

गुरुदेव ने तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम द्वारा आयोजित श्मिशन दृष्टि मेगा आई चेकअप एवं आई अवेयरनेस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन टीपीएफ के मंत्री मनीष कोठारी द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में टीपीएफ अध्यक्ष पंकज मंडोत, टीपीएफ मरुधर ब्रांच के अध्यक्ष डॉ. श्रेयांश घोड़ावत, टीपीएफ राष्ट्रीय सह मंत्री मोहित बैद, सुमित मोदी कैंप कन्वेनर तथा टीपीएफ के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रायोजक स्व. मानकदेवी बरमेचा के पुत्र शांतिलाल बरमेचा लाडनूं-मुंबई का विशेष योगदान रहा है।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप खेल संगम का हुआ सफलता पूर्वक आयोजेन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप खेल संगम-2026 आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय खेल संगम का विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, रिंगगोल सहित विभिन्न भारतीय पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं बस्तियों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल संगम में आदर्श बस्ती, माधव बस्ती, रामगोपाल गाड़ोदिया विद्यालय, बालाजी शिक्षण संस्थान, बाल भारती इंटरनल स्कूल, ओसवाल स्कूल, शास्त्री आदर्श विद्या मंदिर एवं पीसीबी स्कूल की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता के तहत जूनियर कबड्डी में प्रथम स्थान-बाल भारती



इंटरनल स्कूल, द्वितीय स्थान-शास्त्री स्कूल ने हासिल किया। जबकि सीनियर कबड्डी में प्रथम स्थान बालाजी नर्सिंग कॉलेज, खो.खो में प्रथम स्थान रामगोपाल गाड़ोदिया विद्यालय नेए रस्साकशी में प्रथम स्थान बाल भारती इंटरनल, द्वितीय स्थान आदर्श बस्ती ने हासिल किया। समापन अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष गजानंद दाधीच ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति, अनुशासन, साहस, टीम भावना और राष्ट्रप्रेम के प्रतीक हैं। खेलों से शारीरिक क्षमता के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल को जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा स्वस्थ, संस्कारित एवं राष्ट्रनिष्ठ नागरिक बनने का आह्वान किया। खेल संगम के दौरान सभी खिलाड़ियों ने अनुशासनए खेल भावना एवं आपसी सौहार्द का उत्कृष्ट परिचय दिया। आयोजन समिति ने सभी विजेता एवं उपविजेता टीमों को शुभकामनाएँ देते हुए प्रतिभागी खिलाड़ियों, विद्यालयों, निर्णायकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अभिषेक तूनवाल, परीक्षित सैनी, सिद्धार्थ सोनी, प्रमोद, राहुल, अमित, विकास आदि ने योगदान दिया।

# 19 जुलाई को होगा सामूहिक खेल संगम

निसं


**तारानगर ( नवयत्न )।** लोकदेवता गोगाजी महाराज खेल संगम 2026 के तहत 19 जुलाई को बनेचंद सरावगी आदर्श विद्या मंदिर, तारानगर में सामूहिक खेल संगम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में तारानगर की पांचों बस्तियों-आदर्श बस्ती, वीर शिवाजी बस्ती, अभिमन्यु बस्ती, विश्वकर्मा बस्ती एवं प्रताप बस्ती के खिलाड़ी और स्वयंसेवक भाग लेंगे। विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। खेल संगम का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, आपसी सहयोग तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। 14 से 40 आयु वर्गों के प्रतिभागियों के लिए विविध खेल कबड्डी, रस्साकसी, रिंग गोल, मंडल खौ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं नागरिकों की सहभागिता रहेगी।

# दो हादसों में तीन लोग हुए घायल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन घायल हो गए हैं। पहली सड़क दुर्घटना में सुजानगढ़ छापर रोड पर गुलेरिया के पास मोटरसाइकिल सवार राजू भाट, निवासी भोजलाई रोड सुजानगढ़, जो देवानी से सुजानगढ़ आ रहा था, अचानक पशुधन से टकराकर घायल हो गया, जिसे टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और एम्बुलेंस चालक भरत ने सुजानगढ़ अस्पताल पहुँचाकर इलाज शुरू कराया। दूसरी सड़क दुर्घटना मे छापर गोपालपुरा रोड पर मोटरसाइकिल सवार दो युवक श्याम सुन्दर, विनोद नायक निवासीगण गोपालपुरा घायल हो गए। दोनों छापर से वापस गोपालपुरा जा रहे थे, तेज रफतार के कारण रास्ते मे बेरीकेट से टकरा कर गिरकर घायल हो गए। जिनका बगड़िया अस्पताल में उपचार किया गया।

# घोड़ीवारा खुर्द में अच्छी वर्षा की कामना को लेकर विशेष यज्ञ आयोजित



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र में लंबे समय से पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण ग्राम घोड़ीवारा खुर्द के ग्रामीणों ने अच्छी बारिश की कामना के लिए नेत दादा मंदिर में विशेष यज्ञ का आयोजन किया। अमित जांगिड़ ने बताया कि यज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ क्षेत्र के कल्याण, अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की गई। ग्रामीणों ने विश्वास व्यक्त किया है की शीघ्र ही अच्छी वर्षा होगी, जिससे किसानों को राहत मिलेगी और फसलों को लाभ पहुंचेगा। इस अवसर पर प्यारेलाल झूरिया, साँवरमल महला, गोरधन मीणा, शिशराम ढाका, नन्दलाल मोरवाल, राजेंद्र झूरिया, सीताराम योगी, नोरंगलाल गर्वा, करणी सिंह शेखावत, घड़सीराम जांगिड़, प्रकाश जांगिड़, लीलाधर सैनी, गोपाल गर्वा, सोहनलाल, करणीराम मुंड, संदीप झूरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नूक्कड़ सभा आयोजित कर सीवरेज एवं ड्रनेज परियोजना की जानकारी दी

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में आरयूआईडीपी परियोजना के तहत चल रही सीवरेज एवं ड्रनेज परियोजना को सफल बनाने हेतु जन जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत वार्ड संख्या 01 उमर बिन खताब मस्जिद के आगे जुम्मे की नमाज के बाद की नूक्कड़ सभा में जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड़ ने बताया की ड्रनेज परियोजना से जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी पर समुदाय से अपील है की प्लास्टिक की थैलियों



का प्रयोग कर नालियों में न बहाए, ताकि परियोजना सुचारू रूप से चलती रहे। प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया की सीवरेज परियोजना पुर्ण होने के बाद स्वच्छता मे बहेतर बदलाव आयेगा बिमारियों में कमी आयेगी। सभा में समुदाय की ओर से घरेलू सीवरेज कनेक्शन से वचिंत घरो में जल्दी कनेक्शन करवाने की बात रखी स सभा में बताया गया की कोई भी परियोजना जनता के सहयोग से ही सफल हो सकती है। फिर भी परियोजना सम्बंधित कोई समस्या हो तो टोल फ्री नम्बर पर सम्पर्क करे ओर अपनी समस्या का निरू शुल्क समाधान करवाए। नुक्कड़ बैठक में मोलाना इमरान, फारुक, गुलाब नबी, मुस्कान, शफी गोरी सहित काफी संख्या में उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# घुसपैठियों के मददगार



इसकी आशंका बहुत पहले से थी कि कुछ गिरोह सुनियोजित तरीके से बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को अवैध तरीके से देश में लाने और बसाने का काम कर रहे हैं। गत दिवस प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की ओर से पश्चिम बंगाल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा में कई स्थानों पर छापेमारी करने और घुसपैठ में लिप्त गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करने से यह आशंका सच सिद्ध होती दिख रही है।

इस गिरोह के खिलाफ ईडी ने कार्रवाई इसलिए की, क्योंकि वे विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम यानी एफसीआरए के तहत स्वयं को मिलने वाले पैसे का दुरुपयोग कर रहे थे। वे इस पैसे के जरिये घुसपैठियों को देश में लाकर उन्हें फर्जी पहचान पत्रों से लैस करने के साथ उन्हें देश के अलग-अलग हिस्सों में बसाने और उनकी आजीविका का प्रबंध करते थे।

वे आर्थिक रूप से कितने समर्थ थे, इसे इससे समझा जा सकता है कि उनकी ओर से घुसपैठियों को ई रिक्शा तक दिए जाते थे। स्पष्ट है कि उन्हें बड़ी मात्रा में विदेश से चंदा मिलता था। इसकी पुष्टि इससे भी होती है कि ईडी ने बंगाल के एक मदरसे से 40 लाख रुपये और 180 ग्राम सोने के सिक्के बरामद बरामद किए।

ईडी की कार्रवाई उत्तर प्रदेश के आंतकवाद निरोधक दस्ते की उस प्राथमिकी के तहत हो रही है, जिसमें घुसपैठियों की सहायता करने वाले एक जटिल वित्तीय नेटवर्क का उल्लेख किया गया था। चूंकि इस नेटवर्क में कई तथाकथित कल्याणकारी संस्थाएं शामिल हैं, इसलिए उन सबको न केवल बेनकाब किया जाना चाहिए, बल्कि उन्हें कठोर दंड का भागीदार भी बनाया जाना चाहिए। यह सही समय है कि घुसपैठियों के मददगार अन्य तत्वों के खिलाफ बंगाल जैसे सीमावर्ती राज्यों के साथ-साथ देश के सभी राज्यों की पुलिस एवं अन्य एजेंसियां भी सक्रिय हों।

इसकी आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिए देश के करीब-करीब हर राज्य में नजर आते हैं। इन घुसपैठियों ने बंगाल के साथ-साथ पूर्वोत्तर के राज्यों से घुसपैठ करके जिस तरह दिल्ली, जम्मू, हैदराबाद, सूरत आदि में अपने ठिकाने बना लिए, उससे यही पता चलता है कि उन्हें किसी साजिश के तहत सुनियोजित तरीके से लाकर देश भर में बसाया जा रहा है। चिंता की बात यह है कि उनके हमदर्द भी पैदा हो गए हैं। वे उन्हें देश में रहने देने की वकालत कर रहे हैं। वास्तव में ऐसे ही लोग विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के नियमों में किए गए संशोधन का विरोध कर रहे हैं। यह समझा जाना चाहिए कि घुसपैठियों की बढ़ती संख्या देश के संसाधनों पर बोझ बनने के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा भी बन रही है। यह एक तथ्य है कि बड़ी संख्या में घुसपैठिए फर्जी प्रमाण पत्रों के सहारे मतदाता यानी भारतीय नागरिक बन गए हैं।

## विशेष आलेख

# शासकों की लापरवाही का दुष्परिणाम



**यह एक विडंबना ही है कि खालिस्तानी उग्रवाद के खत्म हो जाने के बाद उसकी कोई आधिकारिक समीक्षा नहीं की गई। भारतीय शासकों ने कभी परवाह नहीं की कि देश की नई पीढी को 1981-1992 के बीच के दौर के संपूर्ण घटनाक्रम के बारे में स्पष्ट बताया जाए। यह वैचारिक मैदान खुली छूट देता है कि खालिस्तानी पक्ष या उनके समर्थक अपने नजरिये से उस दौर का इतिहास प्रस्तुत करें। कुछ अर्थ में फिल्म सतलुज ने यही किया है।**

अब इसे अपनी बात कहने से रोकना दूसरा दोष है, जो शासकों के माथे जाता है। यह घटनाक्रम फिर दिखाता है कि स्वतंत्र भारत के शासक कई मामलों में अनाड़ी बने रहे हैं। चाहे कश्मीर हो या असम या पंजाब-जब भी राष्ट्रीय संप्रभुता को चुनौती मिलती है, तब वे इसे पहचानने से इन्कार करते हैं। अलगाव चाहने वाले तत्वों के बारे में झूठी-मीठी बातों से खुद को और लोगों को भ्रमित करते हैं। इस तरह वैसे तत्वों को जाने-अनजाने बढ़ने देते हैं। जब हालत बहुत बिगड़ जाती है, तब सुरक्षा बलों को कार्रवाई करने को कहते हैं। उसमें स्वभावतः ऊंच-नीच होती ही है। जैसे युद्ध में होती है। दोनों पक्षों द्वारा होती है। अंततः भारी कीमत देकर मामला काबू में आने पर शासक आराम से बैठ जाते हैं। यही खालिस्तानी उग्रवाद पर भी हुआ।

पंजाब पुलिस के प्रमुख रहे केपीएस गिल के नेतृत्व में 1992 में खालिस्तानी उग्रवाद का खात्मा हुआ, फिर केंद्रीय शासकों ने क्या किया? कुछ नहीं, बल्कि इससे नजर बचाने जैसी मुद्रा रखी कि 1981 से 1992 तक क्या-क्या हुआ था? सरकार ने कोई श्वेत पत्र जारी नहीं किया। न ही खालिस्तानी उग्रवाद का खात्मा करने वाले अधिकारियों का कोई सम्मान किया।

जिन केपीएस गिल ने असाधारण साहस से पंजाब को भारत से अलग करने से रोका, उनके लिए उन्हें कभी कोई सम्मान नहीं दिया गया। यहां तक कि उनके देहांत पर हुई शोक सभा में एक भी केंद्रीय नेता नहीं आया। मानो सभी नेता इससे लज्जित थे कि गिल ने भारतीय संप्रभुता का युद्ध जीत लिया था। निश्चय ही वह एक युद्ध था। यदि आतंकवादी कारनामों, उनके घोषित उद्देश्यों आदि के बारे में देश के शासक स्पष्ट रुख लेकर जन-गण को नहीं बताएंगे, तो लोग भ्रमित होंगे ही। समय बीतने पर अलगाववादी, उग्रवादी पक्ष को अपने को पीड़ित रूप में रखने में कोई असुविधा नहीं होगी।

कुछ यही सतलुज ने किया है। इसने एक विचार रखा है। इसका सही उत्तर दूसरा विचार रखना होता, न कि उसे रोकना। यह बचकानी बात हुई कि यदि भारतीय संप्रभुता के जिम्मेदार अपना और उग्रवाद से पीड़ित लोगों का पक्ष न रखें, तो पंजाब पुलिस के हाथों जाने-अनजाने पीड़ित लोग या खालिस्तानी भी अपना पक्ष न रखें। आखिर 1992 से 2026 तक भारतीय शासकों, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, शिक्षा विभागों, डीएवीपी आदि अनेकानेक राजकीय वैचारिक संस्थाओं को किसने रोका था कि वे पंजाब पुलिस और खालिस्तानी उग्रवाद से लड़ने वालों के पक्ष में, उस उग्रवाद के हाथों पीड़ित होने वाले हजारों निरीह हिंदुओं-सिखों की दृष्टि से फिल्में बनाते? उन्हें चाहिए था कि उस दौर की पूरी तफसील रिकार्ड पर लाते, जिससे साफ-साफ दिखता कि खालिस्तानी उग्रवाद क्या था और कैसे उस पर काबू पाया गया।

किनकी क्या और कैसी भूमिका रही थी? रिकार्ड उलटा दिखाता है। जब खालिस्तानी उग्रवाद को खत्म करने वाले केपीएस गिल को गुमनाम सी विदाई मिली, तब खालिस्तान के पक्ष में खड़े लोगों को क्यों दोष दें? वे तो वही स्टैंड खुलकर ले रहे हैं, जो शासक अपनी लजीली मुद्रा से अनजाने दिखा रहे थे। भारतीय शासकों की भंगिमा ऐसी रही है मानो खालिस्तानी उग्रवाद के खात्मे के लिए बाकायदा एक आंतरिक युद्ध जैसा नहीं लड़ना पड़ा था, जबकि उसमें एक प्रधानमंत्री, एक मुख्यमंत्री समेत अनेक मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों, सांसदों तथा हजारों सामान्य नागरिकों की हत्याएं हुई थीं।

यदि उन सबके बारे में शासकों ने कोई डाक्यूमेंट्री तक नहीं बनाई तो उनका ऐसा मानना मूर्खता है कि खालिस्तान की भावना रखने वाले भी अपना प्रचार न करें। सतलुज के फिल्मकार ने वही बात रखी जो एक राजनीतिक, बौद्धिक वर्ग द्वारा सदैव कही जाती रही है कि खालिस्तानी आतंकवाद से लड़ने के दौरान मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। यह उन फिल्मकारों की जिम्मेदारी नहीं है कि वे दूसरा पक्ष भी रखें। यानी उन पुलिस वालों, आम जनों, नेताओं, मंत्रियों के जीवन का अधिकार, जो खालिस्तानी आतंकी छीनते रहे। यह काम भारतीय शासकों को करना चाहिए था, जिसकी उन्होंने पूरी अवहेलना की। उन्होंने खालिस्तानी पक्ष के नैरेटिव को बल पहुंचाया।

आखिर भारतीय शासकों की लापरवाही का लाभ वैसे तत्व क्यों नहीं उठाएंगे जो अपने लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध हैं? पता नहीं कितने ऐसे महानुभावों को बड़े-बड़े राष्ट्रीय सम्मान मिले हैं, जिन्होंने खुल कर या परोक्ष रूप से अलगाववाद का किसी न किसी रूप का समर्थन किया था, किंतु खालिस्तानी उग्रवाद को खत्म करने वालों को कोई सम्मान नहीं मिला। केपीएस गिल केवल इसके उदाहरण भर हैं। गिल ने दिल्ली में 9 सितंबर, 2006 को एक पुस्तक विमोचन में कहा था, जिस पुलिस बल को आतंकवाद पर जीत के बाद प्रशंसा मिलनी चाहिए थी, उसे बुरी तरह बदनाम किया गया। उनकी जीत को झुठलाया गया।

फिल्म सतलुज जाने-अनजाने यही कर रही है, किंतु इसीलिए कर पा रही है, क्योंकि खालिस्तानी आतंक से लड़ने वाले पुलिस बल को खुद भारतीय शासकों ने कभी सम्मानित नहीं किया। यदि करते तो जैसे हनी त्रेहन ने जसवंत सिंह खालरा के जीवन पर फिल्म बनाई, वैसे ही कोई अन्य केपीएस गिल के जीवन अथवा खालिस्तानी उग्रवाद से लड़ने वाले किसी अन्य नायक या घटनाओं पर भी फिल्म बना सकता था।

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी या मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के बलिदान तक पर कोई फिल्म नहीं बनाई गई, जो खालिस्तानी उग्रवाद के हाथों मारे गए। फिल्म सतलुज को प्रतिबंधित करने के बजाय इस उग्रवाद से युद्ध का दूसरा पक्ष दिखाना अधिक अच्छा रहता, ताकि लोग यह समझ सकते कि आतंकवाद से युद्ध राष्ट्रीय संप्रभुता बचाने का युद्ध होता है।

## आज का राशिफल

### मेष
निवेश शुभ फल देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

### वृष
समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

### मिथुन
दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### कर्क
दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी।

### सिंह
कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यस्तता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

### कन्या
भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी। प्रमाद न करें। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे।

### तुला
नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी।

### वृश्चिक
घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।

### धनु
विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। निवेश शुभ रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

### मकर
कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

### कुंभ
घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। आय में निश्चितता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

### मीन
अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। शत्रुभय रहेगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है।

## स्वास्थ्य समाचार

# आंखों में सूजन, चुभन-पानी आना जैसी प्रॉब्लम का तोड़ हैं यह फूड

अखबार में छोटे-छोटे अक्षर पढ़ने के लिए आंखों पर जोर देना पड़ रहा हैं? क्या आपको लगता है कि आपकी आंखें धुंधली हो गई हैं और दृष्टि खराब हो गई है? तो वक्त आ चुका है आप इसका चेकअप कराएं। आंखों में किसी भी तरह की होने वाली परेशानी को नंजरअंदाज करना आपको हमेशा के लिए अंधा कर सकता है। ऐसे में आंखों की हेल्थ को बनाए रखने के लिए आयुर्वेद एक्सपर्ट के सुझाए टिप्स भी आपके बहुत काम आ सकते हैं। लैपटॉप पर लंबे समय तक काम करना, स्क्रीन का बढ़ता उपयोग, खराब आहार आपकी नजर को खराब तरीके से प्रभावित कर रहा है। उम्र के साथ दृष्टि का कमजोर होना आम बात है। लेकिन आज के समय में छोटे उम्र ही लोगों को मोटे-मोटे चश्मे लग जाते हैं। वहीं, अधिकांश वयस्कों में 30 या 40 के दशक के मध्य में दृष्टि संबंधी समस्याएं होना बहुत आम बात हो गयी है। महामारी के दौरान डिजिटल स्क्रीन और गिज्मोस पर अत्यधिक निर्भरता ने समस्याओं को और भी बदतर बना दिया है। आंखों की परेशानी के चेतावनी संकेत के रूप में धुंधली दृष्टि, आंखों पर धब्बे, रात में चकाचौंध, चमकती रोशनी, चुभन, आंखों से पानी आना, दर्द पर ध्यान दिया जाना चाहिए। ये आंखों की आम शिकायतें हैं। जो बीमारी का प्रारंभिक संकेत हो सकता है। हालांकि अपनी आंखों की देखभाल करना और नियमित रूप से आंखों की जांच के लिए जाना महत्वपूर्ण है।





### त्रिफला
त्रिफला आंखों के लिए दवा का काम करता है। यहां तक की मोतियाबिंद के जोखिम को भी कम करने का काम करता है। ऐसे में आयुर्वेद एक्सपर्ट त्रिफला चूर्ण को घी और शहद में समान मात्रा में मिलाकर रात के समय सेवन करने की सलाह देती हैं। साथ ही यह भी बताती हैं कि त्रिफला चूर्ण का सेवन कभी भी लंबे समय तक नहीं करना चाहिए।


### आंवला
आंवला का सेवन कंजेक्टिवाइटिस और ग्लूकोमा जैसी आंखों के रोगों में राहत पहुंचाने का काम करते हैं। इसमें मौजूद विटामिन सी रेटिना की कोशिकाओं को बनाए रखने और स्वस्थ केशिकाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खासकर डायबिटिक रेटिनोपैथी की स्थिति में।

### किशमिश
किशमिश में मौजूद पॉलीफेनोलिक फाइटोन्यूट्रिएंट्स मुक्त रेडिकल्स से छुटकारा पाने में मदद करते हैं जो दृष्टि को नुकसान पहुंचाते हैं और आंखों की मांसपेशियों के पतन का कारण बनते हैं। ऐसे में किशमशि का सेवन आंखों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

### शहद
एक्सपर्ट का बताती हैं कि यदि आपको आंखों से संबंधित किसी तरह की कोई परेशानी है तो शहद आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। अच्छा शहद गुणवत्ता में चक्षुष्य है यानी यह आंखों के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा है।

# पुरुष बेली फैट घटाने के लिए घर पर करें यह एक्सरसाइज

महिला हो या पुरुष, आजकल हर कोई अपने बेली फैट से परेशान हैं। अनहेल्दी डाइट, इनएक्टिव लाइफस्टाइल, अनहेल्दी हैबिट्स, तनाव और पूरी नींद न लेना बेली फैट के मुख्य कारण माने जाते हैं। बेली फैट कई गंभीर बीमारियों का कारण भी बन सकता है। साथ ही यह हमारी पर्सनैलिटी को भी पूरी तरह से बिगाड़ देता है। पुरुषों में तो बेली फैट के कारण शर्ट के बटन लगाने में भी दिक्कत आती है। ऐसे में लोग अपना बेली फैट घटाने के लिए जिम में पसीना बहाते हैं, खाना-पीना कम कर देते हैं।



### टो टचिंग एक्सरसाइज
टो टचिंग एक्सरसाइज में आपको अपने पैर के अंगूठे को छूना होता है। यह एक्सरसाइज आपके शरीर के निचले हिस्से में लचीलापन लाने में मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले आप पीठ के बल लेट जाएं। इसके बाद अपने दोनों पैरों को ऊपर की तरफ उठाएं, इस दौरान पैर 90 डिग्री में होने चाहिए। अब अपनी कमर और हाथों को उठाते हुए, पैरों की उंगुलियों को छूने की कोशिश करें। यह एक स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज है, इससे आपका बेली फैट बर्न होगा। साथ ही पैरों के ऐंठन और दर्द में भी आराम मिलेगा।

### हाई नी एक्सरसाइज
पुरुष अपना बेली फैट घटाने के लिए हाई नी एक्सरसाइज को अपने रूटीन में शामिल कर सकते हैं। हाई नी एक्सरसाइज घुटने के ऊपरी फैट को बर्न करने में मदद करता है। साथ ही पेट की मांसपेशियों को भी मजबूत बनाता है। इसके लिए आप सबसे पहले एक जगह पर सीधे खड़े हो जाएं। फिर बाएं घुटने को मोड़कर अपनी छाती पर लगाएं, फिर इसे नीचे ले जाएं और दाएं पैर के घुटने को छाती पर लगाएं। इस एक्सरसाइज को आप 5-10 मिनट तक लगातार कर सकते हैं।

### स्क्वाट्स जंप एक्सरसाइज
पुरुषों का बेली फैट घटाने के लिए स्क्वाट्स जंप भी असरदार हो सकता है। यह एक काफी अच्छा वर्कआउट है, जो वेट लॉस में मदद कर सकता है। इसके लिए आप एक जगह पर खड़े हो जाएं। अपने घुटनों को मोड लें और दोनों हाथों को सामने की तरफ इंटरलॉक कर लें। इसके बाद इसी पोजिशन में रहें और जंप लगाएं। आप इस एक्सरसाइज को लगातार 10 मिनट तक कर सकते हैं। इससे फैट को आसानी से बर्न करने में मदद मिलती है। आपका वजन भी कम हो सकता है।

### प्लैंक एक्सरसाइज
प्लैंक एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो शरीर की सभी मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करती है। प्लैंक कोर पर काम करते हैं, पेट की मसल्स और रीढ़ को मजबूत बनाने में भी सहायता करते हैं। प्लैंक एक्सरसाइज करने के लिए आप सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं। अपनी कोहनियों को कंधे के नीचे रखें। पूरे शरीर को सीधे ऊपर की तरफ उठाएं। इस दौरान अपनी कमर और कूल्हों को यादा ऊपर या नीचे न रखें। इसके बाद अपने पेट को सिकोड़ें, इस स्थिति में कुछ देर रुकें। फिर जमीन को छुए बिना अपने घुटने मोड़ लें। अब जल्दी से अपने पैरों को सीधा कर लें। इस प्रक्रिया को आप 5-7 बार दोहरा सकते हैं। रोजाना 10 मिनट इस एक्सरासइज को करके आपको अपना बेली फैट बर्न करने में मदद मिल सकती है।

### जंपिंग जैक एक्सरसाइज
जंपिंग जैक बेली फैट बर्न करने के लिए एक काफी अच्छी एक्सरसाइज हो सकती है। इसके लिए आप सबसे पहले खड़े हो जाएं। अब अपने पैरों को चौड़ा कर लें। अपने दोनों हाथों को शरीर के साथ रखें। इसके बाद बाएं पैर को ऊपर उठाएं, दाएं पैर को नीचे रखें। इसके बाद दाएं पैर को उठाएं और बाएं पैर को नीचे रखें। इस तरह से आप इस एक्सरासइज को 10 मिनट तक लगातार कर सकते हैं।

# चेहरे पर लगाएं दही और कॉफी का फेस पैक, निकलेंगी डेड सेल्स और आएगा निखार

दही और कॉफी से बने फेस पैक का इस्तेमाल चेहरे को बेहतर बनाने और खूबसूरती बढ़ाने के लिए बहुत फायदेमंद होता है। स्किन से जुड़ी परेशानियां और बढ़ जाती हैं। इन परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए आप दही और कॉफी का इस्तेमाल कर सकते हैं। चेहरे पर निखार लाने के लिए और स्किन पर टैनिंग आदि को दूर करने के लिए आप इससे बने फेस पैक या स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं। कॉफी में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी एजिंग गुण पाए जाते हैं जो स्किन को परेशानियों से मुक्तकर हेल्दी और ग्लोइंग बनाने का काम करते हैं। इसके अलावा दही के साथ इसका इस्तेमाल स्किन को और बेहतर बनाने का काम करता है। चेहरे पर दाग-धब्बे, डेड स्किन



और मुहांसे आदि को दूर करने के लिए दही और कॉफी से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत उपयोगी होता है। स्किन की ड्राईनेस को ठीक करने और रंगत सुधारने के लिए भी आप दही और कॉफी से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं। दही और कॉफी का फेस पैक लगाने से चेहरे को ये फायदे मिलते हैं।

**चेहरे की क्लींजिंग के लिए फायदेमंद :** चेहरे को अच्छी तरह से साफ रखने से कई समस्याओं का खतरा कम होता है। इसके लिए आप चेहरे पर दही और कॉफी से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। दही में मौजूद गुण चेहरे की नमी को बरकरार रखने का काम करते हैं और कॉफी में मौजूद गुण से आपके चेहरे की कई परेशानियां दूर होती हैं। सप्ताह में 2 बार इसका इस्तेमाल करने से आपके चेहरे पर इसका असर दिखना शुरू हो जाता है।

**डेड स्किन हटाने में फायदेमंद दही-कॉफी :** दही और कॉफी से बने फेस मास्क का इस्तेमाल करने से आपके चेहरे की गंदगी दूर होती है और डेड स्किन हटाने में फायदा मिलता है। चेहरे पर मौजूद डेड स्किन की वजह से आपकी खूबसूरती पर फर्क तो पड़ता ही है बल्कि इससे आपके चेहरे पर कई समस्याएं भी हो सकती हैं। इस परेशानी से छुटकारा पाने के लिए दही और कॉफी से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद है।

**चेहरे की चमक बढ़ाने में फायदेमंद :** चेहरे का ग्लो बढ़ाने के लिए दही और कॉफी पाउडर से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान और धूप या प्रदूषण के कारण आपकी स्किन का ग्लो कम हो जाता है। इससे बचने के लिए आप सप्ताह में 2 बार दही और कॉफी से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# राजस्थान में कांग्रेस सियासत में आजादी के बाद मुस्लिम समाज की हैसियत : एन डी कादरी

निसं



**बीकानेर (नवयत्न)।** वरिष्ठ नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता एन डी कादरी के अनुसार राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्षों छः छः वर्ष के कार्यकाल सफलतापूर्वक पुरे कर रहे हैं। अच्छी बात है। बधाई शुभकामनाएं लेकिन अफसोस होता है कि कांग्रेस को सबसे अधिक वोट देने वाले मुस्लिम समाज जिसके कारण ही कांग्रेस कि अनेकानेक बार सरकार बनी अगर मुस्लिम वोटिंग कांग्रेस के पक्ष में नहीं रहते तो सरकारें बनना तो दुर कांग्रेस के हालात आज से बद्तर होते। इसके बावजूद राजस्थान में कांग्रेस अध्यक्ष छः छः वर्ष का कार्यकाल पूरा करें । बहुत अच्छी बात है वह बधाई के पात्र हैं। लेकिन कांग्रेस अध्यक्षों की जून 1948 से आज तक कि सूची में किसी किसी मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि का स्थाई नियुक्ति नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। मुस्लिम समाज ने कांग्रेस को हमेशा सत्ता में सुशोभित किया है। अब यहां सवाल यह आता है कि तब से आज तक कांग्रेस को एक भी इस काबिल व्यक्ति नहीं मिला कि स्थाई राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पीसीसी बनाया जा सके और अब तो मुसलमान का इस ओर सोचना भी गलत नहीं चाहिए । जबकि कांग्रेस को सबसे कम मतदान करने वाले समाज को सब से ज्यादा ब्लॉक से राष्ट्रीय स्तर तक के सभी तरह से सुशोभित किया जाता रहा है। यहां तक कि सरकार में सबसे से ज्यादा लाभांवित भी यह कांग्रेस के पक्ष में कम या शून्य वोटिंग करने वाले वाले समाज को ही किया जाता रहा है। क्या कभी कांग्रेस ने इस पर विचार किया। इसका क्या कारण समझा जाएं कि राजस्थान में ऐसा अवसर मुस्लिम समाज को क्यों नहीं दिया गया या कोई काबिल व्यक्ति मिला ही नहीं । रहा सवाल कांग्रेस के पक्ष सबसे कम वोट प्रतिशत करने वाले लोगों को विभिन्न उच्च पदों से सम्मानित किया जाता रहा है। क्या उचित समझा जाएं।

अब एक और देखने और समझने वाली बात यह भी है कि बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी आज तक नहीं आई आने वाले समय में अगर यह कार्यकारिणी आती है तो क्या मुसलमान को मिलेगा अपना हक या फिर मिलेगी मुसलमान में आपसी खींचतान की वजह से कोई लॉलीपॉप मिलेगा या फिर उचित प्रतिनिधित्व। सुनने में यह आ रहा है कि आने वाली कार्यकारिणी बहुत छोटी होगी सभी जाति समीकरण को जोड़ा जाएगा और बीकानेर के अंदर हमेशा कांग्रेस में ही देखा गया है कि मुस्लिम एक दूसरे की टांग खींचे में अपने मुस्लिम लीडर को आगे नहीं आने देते आखिर में यही आता है कि मुसलमान को कांग्रेस देती क्या है कभी मुसलमान यह नहीं सोचता कि मुस्लिम लीडर आपस में एक दूसरे की टांग खींचने का काम करते हैं उसका फायदा प्रदेश कांग्रेस के आला नेता उठा लेते हैं और यह कह देते हैं कि फलां नेता फलां कार्यकर्ता का तो विरोधी है और बदले में मिलता है मुस्लिम को खाली झुनझुना आने वाली कार्यकारिणी में क्या मुसलमान को अपना हक के रूप में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा या यही हालत रहेगी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी यही रहेगी के यहां तो एकजुट नहीं है बीकानेर के मुस्लिम हमेशा कांग्रेस पर या आरोप लगाते हैं कि कांग्रेस पार्टी क्या देती है कभी इस बात पर चिंतन नहीं करते की एकजुट होकर हम हमारा एक नेता या दो नेता या 10 नेता एक साथ हम मांगे बल्कि जयपुर हाजिरी के दौरान एक दूसरे नेता की टांग खींचे में बीकानेर के मुस्लिम नेता आगे रहते हैं चाहे नगर निगम हो नगर विकास न्यास अब बीकानेर विकास प्राधिकरण और चाहे राज्य कांग्रेस सरकार के पिछले कांग्रेस कार्यकाल में भी बार-बार यह देखा गया था कि जहां नगर निगम में हमें कुछ मिलना था वह हमारे ही लोगों ने टांग खींचे करके हमारे समाज के प्रतिनिधि को नेता प्रतिपक्ष नहीं बनने दिया और उसी का खामियां जा रहा कि ना हमें जिला अध्यक्ष मिला और ना हमें प्रदेश में कोई बड़ा पद मिला क्योंकि ऊपर वाले नेताओं को पता था कि नीचे तो यह आपस में सब एक दूसरे की टांग खिंचाई कर रहे हैं और उसका फायदा उठाकर दूसरे को जहां जिनकी संख्या बल कम थी या यह कह सकते हैं कि शुन्य होते हुए भी उनको यह पद हमारे ही नेताओं ने उन्हीं को माला पहना दी और इस आस में बैठ गए की आने वाली वक्त में हमें जिला अध्यक्ष या प्रदेश का बड़ा पद मिलेगा और हाथ में आया तो झुनझुना इसलिए क्या कांग्रेस के नेता खासकर मुस्लिम एकजुट है या फिर तैयारी कर रहे हैं कि हमें तो कांग्रेस पार्टी कुछ नहीं देती या फलां नेता हमारे पर निर्भर नहीं करता इस सबसे पहले तो हम सबको एकजुट होकर हमें हमारी बात रखनी चाहिए बात के साथ हमारा हक मांगना चाहिए जो जैसा काबिल है उसे वह हक मिलेगा और एकजुट होकर हम सबको आगे बढ़ना चाहिए अगर यह सोच कांग्रेस पार्टी के मुस्लिम नेताओं में आ गई तो शायद हम किसी के आगे हाथ फैला ने कि आवश्यकता नहीं रहेगी बल्कि हक मिलेगा । वरना फेसबुक पर और वाट्सअप पर गुगल ज्ञानी अपना ज्ञान बांटते रहेंगे और यहीं तक सीमित ही रहेंगे। आने समय कि दिशा और कठिन राह के संकेत कर रहीं है।

## सात ग्राम स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस और जिला विशेष टीम पूर्व डीएसटी ने एक महिला स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7 ग्राम 15 मिलीग्राम स्मैक और नशे की बिक्री से प्राप्त 17 हजार 200 रुपए नकद बरामद किए गए हैं। फिलहाल आरोपित महिला से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने मुखबिर की सूचना के आधार पर खानिया बंधा कच्ची बस्ती में दबिश देकर रेखा सांसी 28 निवासी दादिया सीकर हाल निवासी खानिया बंधा को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी महिला से सामने आया कि उसका पति सोनू सांसी बाहर से स्मैक लाकर देता था। वह स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया टोकन तैयार कर 200 से 300 रुपए प्रति टोकन के हिसाब से नशा करने वालों को बेचती थी। पुलिस अब स्मैक की सप्लाई चेन और नेटवर्क की पड़ताल कर रही है। पुलिस के अनुसार रेखा सांसी आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आबकारी अधिनियम के तहत वर्ष 2020, 2023, 2024 और 2026 के कुल छह आपराधिक मामले पहले से न्यायालय में विचाराधीन हैं। कार्रवाई में डीएसटी के कांस्टेबल हरूराम, देवेंद्र और हेमंत की विशेष भूमिका रही। टीम में डीएसटी के उपनिरीक्षक छीतरमल, हेड कांस्टेबल तुलसीराम, कांस्टेबल राजेश, धर्मेंद्र, उदय सिंह, विजय सिंह, नीरज, जितेंद्र तथा ट्रांसपोर्ट नगर थाना के कांस्टेबल रामप्रताप, मनोज, ओमवीर सिंह और महिला कांस्टेबल गुलाब मीणा शामिल रहे।

## जयपुर पुलिस कमिश्नर आज पुलिस थाना करधनी पर करेंगे जनसुनवाई

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल आज शनिवार को दोपहर 11:30 से 01.30 बजे तक पुलिस थाना करधनी पर जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान झोटवाड़ा सर्किल के करधनी, खोरा बिसल, कालवाड़, मुरलीपुरा एवं झोटवाड़ा थानों के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर द्वारा एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा, सामुदायिक भवन सांगानेर, पुलिस थाना शिप्रापथ, विद्याधर नगर, भांकरोटा, शिवदासपुरा, आमेर, रामगंज, चित्रकूट, मालवीय नगर, जामडोली एवं बस्सी थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

## श्री यादे माता मंदिर का 31वां पाटोत्सव, मेला तथा प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** त्रिवेणी धाम के श्री यादे माता मंदिर का 31वां पाटोत्सव, मेला एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मूलचंद साईवाड़, सुरेश कुमार थोई, नागरमल, कालूराम शाहपुरा, महावीर शाहपुरा, रामनिवास, कालूराम, मातादीन, रामस्वरूप, पूरणम, मालीराम, गिरधारी, चौथमल, कमलेश, रमेश नायन, जयराम, सुरेन्द्र, भग्गुराम, बल्लूराम सरपंच, उमराव, शंकरलाल, सोमप्रकाश, किशनलाल, सुरेश कुमार, शिवपाल, अर्जुनलाल, मालीराम सहित समस्त प्रजापत समाजबंधु उपस्थित रहे।

## बीकानेर जिला माहेश्वरी सभा द्वारा नोखा के श्रीकृष्ण मंदिर में वाटर कूलर का लोकार्पण



**नोखा (नवयत्न)।** बीकानेर जिला माहेश्वरी सभा द्वारा निर्जला एकादशी के अवसर पर लिए गए सामूहिक संकल्प के तहत जिले में विभिन्न स्थानों पर 6 वाटर कूलर स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया था माहेश्वरी शहर सभा नोखा के निवर्तमान अध्यक्ष भंवरलाल बाहेती ने बताया कि इसी क्रम में आज नोखा स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में वाटर कूलर का विधिवत लोकार्पण कर इसे श्रद्धालुओं एवं आमजन की सेवा हेतु समर्पित किया गया। विधिवत पूजन पुरुषोतम महाराज ने करवाया।

## श्री अमरापुर स्थान में बही भक्ति की गंगा, 313 कन्याओं का हुआ विशाल पूजन व भोज

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** आचार्य श्री सद्गुरु स्वामी टेऊराम जी महाराज के पावन 140वें जन्मोत्सव की मौज में इन दिनों पूरी गुलाबी नगरी भक्ति के रंग में सराबोर है। श्री अमरापुर स्थान में आयोजित हो रहे इस भव्य जन्मोत्सव के तहत हवन, यज्ञ, अनुष्ठान, भजन और सुंदर झांकी दर्शनों के लिए रोजाना हजारों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। उत्सव के तीसरे दिनए शुक्रवार को श्री अमरापुर स्थान में अद्भुत कन्या भोज और अलौकिक झांकी दर्शन के भव्य आयोजन हुए। जन्मोत्सव की श्रृंखला में शुक्रवार प्रात: 10 बजे 313 कन्याओं के लिए विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजनकर्ताओं ने देवी स्वरूपा नन्ही कन्याओं के चरण धुलवाए, तिलक लगाकर उनका पूजन किया और आरती उतारी। स्वादिष्ट भोजन कराने के साथ ही सभी कन्याओं को पानी की बोतल, लंच बॉक्स, रूमाल, फरूटी, पेन-पेंसिलए चॉकलेट, टॉफी, नोटबुक और बिस्कुट सहित नाना प्रकार के सुंदर उपहार भेंट किए गए। शुक्रवार सायंकाल को खंडू सरकार करेंगे नौका विहार की अलौकिक और अविस्मरणीय झांकी सजाई गई। झांकी में खंडू सरकार बाबा टेऊराम जी ने नौका विहार करते हुए भक्तों को दिव्य दर्शन दिए। इस अदभुत झांकी को विजेंद्र शर्मा और उनकी टीम द्वारा बेहद आकर्षक ढंग से तैयार किया गया था, जिसे देख उपस्थित जनमेदिनी भाव-विभोर और मंत्रमुग्ध हो गई। संतों ने सर्वप्रथम नौका विहार की पूजा-अर्चना की और तत्पश्चात गुरुदेव को नौका विहार कराया गया। सद्गुरु टेऊराम जी महाराज के 140वें जन्मोत्सव के चौथे दिन शनिवार को भी कई विशेष और भव्य आयोजन होंगे। बटुक ब्राह्मण भोज प्रात: 10 बजे गुरुकुल के 140 बटुक ब्राह्मणों के लिए विशाल भोज का आयोजन किया जाएगा। सद्गुरु स्वामी टेऊराम जी महाराज के समक्ष 140 व्यंजनों का विशेष छप्पन भोग अर्पित कर भव्य झांकी सजाई जाएगी। शनिवार शाम को होने वाले इस मुख्य आयोजन में संतों.महात्माओं और अनेक गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस दौरान भव्य भजन संध्या, सत्संग और संकीर्तन जैसे विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न होंगे।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला साइबर ठग गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** महेश नगर थाना पुलिस ने साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान म्यूल हंटर के तहत एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के खातों से रुपए निकालने वाले एक शातिर साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से विभिन्न बैंकों के 24 एटीएम/डेबिट कार्डए वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ में एक दर्जन से अधिक वारदातों का खुलासा हुआ है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि महेश नगर थाना पुलिस ने साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान म्यूल हंटर के तहत एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के खातों से रुपए निकालने वाले एक शातिर साइबर ठग कैलाश उर्फ देव गुर्जर 30 निवासी बाटोदा जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी जयपुर के विभिन्न बैंकों, विशेषकर एसबीआई के एटीएम बूथों के बाहर रेकी करता था और बुजुर्गों, महिलाओं तथा कम जानकारी रखने वाले लोगों को निशाना बनाता था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह एटीएम बूथ में मदद के बहाने प्रवेश करता था। जब ग्राहक पिन दर्ज करता था तो वह चोरी-छिपे पिन देख लेता था। इसके बाद मशीन हैंग होने या तकनीकी खराबी का झांसा देकर पीड़ित का ध्यान भटकाता और उसके असली एटीएम कार्ड को फर्जी कार्ड से बदल देता था। बाद में दूसरे एटीएम से खाते से नकदी निकाल लेता था।

महेश नगर थानाधिकारी सुरेश कुमार के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ जयपुर शहर के गांधीनगरए सांगानेर, जवाहर सर्किल, ट्रांसपोर्ट नगर और प्रताप नगर सहित विभिन्न थानों में धोखाधड़ी और चोरी के 10 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल भीम सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र, कांस्टेबल राजेंद्र यादव तथा साइबर सेल दक्षिण के हेड कांस्टेबल लोकेश कुमार शामिल थे।

## आकाश के 29 विद्यार्थियों ने नीट 2026 में झुंझुनू का बढ़ाया मान

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के झुंझुनू केंद्र के 29 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। संस्थान की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और अनुशासित अध्ययन का परिणाम है, जिसे आकाश के शैक्षणिक मार्गदर्शन और सुव्यवस्थित अध्ययन प्रणाली का पूरा सहयोग मिला।

प्राप्त परिणामों में भवानी शंकर ने अखिल भारतीय रैंक 789 के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रमुख सफल विद्यार्थियों में सौम्या रैंक 837, रिजवाना बानो रैंक 875, रोहित कुमार रैंक 1137, मोहम्मद नोसाद रैंक 2333 और कौशल रैंक 3441 शामिल हैं। संस्थान ने इस वर्ष भी देशभर में उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। संस्थान के अनुसार, नीट 2026 में उसके विद्यार्थियों ने शीर्ष 10 में 4, शीर्ष 50 में 18 तथा शीर्ष 100 में 41 स्थान प्राप्त किए हैं, जो इसकी शैक्षणिक गुणवत्ता और विश्वसनीयता को दर्शाता है।

### विद्यार्थियों ने जताई खुशी

सफल विद्यार्थियों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उच्च स्थान प्राप्त करना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने अपने माता-पिता और शिक्षकों का आभार जताते हुए बताया कि नियमित अभ्यास परीक्षा, विस्तृत प्रदर्शन विश्लेषण, शंका समाधान सत्र और अनुशासित कक्षा अध्ययन ने उनकी तैयारी को मजबूत बनाया।

### मजबूत अध्ययन प्रणाली का योगदान

एईएसएल की एकीकृत अध्ययन प्रणाली में अनुभवी शिक्षक, वैज्ञानिक तरीके से तैयार अध्ययन सामग्री, तकनीक आधारित अध्ययन, नियमित मूल्यांकन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रदर्शन विश्लेषण और व्यक्तिगत मार्गदर्शन शामिल है, जो विद्यार्थियों को नीट जैसी कठिन परीक्षा में सफलता दिलाने में सहायक है।

### देशभर में 415 से अधिक केन्द्र

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड देश की अग्रणी परीक्षा तैयारी संस्था है, जो चिकित्सा और अभियंत्रण सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराती है। देशभर में 415 से अधिक केंद्रों और 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों के साथ, यह संस्था पिछले 37 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बनाए हुए है।

### क्षेत्रीय निदेशक ने दी बधाई

आकाश के क्षेत्रीय निदेशक अखिलेश दीक्षित ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे आकाश परिवार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का अनुशासन और निरंतर सीखने की लगन ही उनकी सफलता का आधार है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके परिवारों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## घर लौट रहे युवक पर बाइक सवार बदमाशों ने ईंटों से किया जानलेवा हमला

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** खोराबीसल थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात सामने आई है। गत शनिवार रात पैदल अपने घर लौट रहे एक युवक पर घात लगाकर बैठे बाइक सवार दो बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक के सिर और चेहरे पर ईंटों से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसके मुंह और कंधे की हड्डियां टूट गईं। लहूलुहान हालत में युवक को सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हेड कांस्टेबल अजीत सिंह ने बताया कि खोराबीसल के चतरपुरा निवासी तरुण सिंह 28, जो इन दिनों अपना नया जिम खोलने की तैयारियों में जुटा है। जो खोराबीसल से चतरपुरा रोड होते हुए पैदल अपने घर लौट रहा था। घर से निकलते ही महज 80 मीटर की दूरी पर दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने पीछे से उस पर ईंट से हमला कर दिया। अचानक हुए इस वार से तरुण संभल नहीं पाया और नीचे गिर गया। इसके बाद बदमाशों ने बेरहमी से उसके सिर और चेहरे पर ईंट से कई वार किए। हमलावर तरुण को लहूलुहान और गंभीर रूप से घायल करने के बाद मौके से फरार हो गए। सड़क किनारे खून से लथपथ हालत में पड़े तरुण को देखकर वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत उसके परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए तुरंत जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया। घायल तरुण के पर्चा बयान के आधार पर खोराबीसल थाना पुलिस ने गुरुवार रात जानलेवा हमले की गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस की विशेष टीमें वारदात स्थल के आस-पास के रास्तों और चतरपुरा रोड पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही हैं.

## रूठे मानसून को मनाने के लिए गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को होगा सुवृष्टि पर्जन्य गायत्री महायज्ञ



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** प्रदेश और राजधानी जयपुर में मानसून की बेरुखी से आमजन परेशान है। इसी रूठे मानसून को मनाने और अच्छी वर्षा की कामना के लिए रविवार को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में सुबह 8 बजे से सुवृष्टि पर्जन्य गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह महायज्ञ मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। यज्ञ की तैयारियों को लेकर एक विशेष बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। शास्त्रों के अनुसार वर्षा के लिए विशिष्ट मंत्रों के जप और उनसे आहुतियां देने का विधान है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए यज्ञ में वरुण देवता का भाव भरा आह्वान कर सोडशोपचार पूजन किया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ, ब्रह्मपुरी की टोली द्वारा विशिष्ट वेद मंत्रों के साथ यज्ञ संपन्न कराया जाएगा। मान्यता है कि श्रद्धालुओं की करुण पुकार से प्रसन्न होकर वरुण देवता समुचित वर्षा की व्यवस्था करते हैं। महायज्ञ के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए तीन विशेष संस्कारों का नि:शुल्क आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें जन्मदिन संस्कार, विवाह दिवस संस्कार, पुंसवन संस्कार शामिल है। यज्ञ और इन संस्कारों में सम्मिलित होने वाले श्रद्धालुओं को अपने साथ कोई भी सामग्री लाने की आवश्यकता नहीं है। समस्त सामग्री आयोजन स्थल पर ही उपलब्ध कराई जाएगी।

यज्ञ स्थल पर स्वाध्याय की प्राचीन परंपरा को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से एक साहित्य स्टॉल भी लगाई जाएगी। यहाँ बच्चों, किशोरों, युवाओं और महिला-पुरुषों के लिए प्रेरक साहित्य लागत मूल्य पर उपलब्ध रहेगा। इसके अतिरिक्त, घर पर आसानी से मात्र दो मिनट में बिना किसी लागत के किए जाने वाले बलिवैश्व हवन के लिए तांबे का विशेष पात्र भी श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया जाएगा।

## ट्रैफिक पुलिस में फेरबदल करते हुए 21 निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

**जयपुर (नवयत्न)।** गुलाबी नगरी की यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जयपुर ट्रैफिक पुलिस में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। जयपुर पुलिस कमिश्नर की स्वीकृति के बाद डीसीपी ट्रैफिक योगेश गोयल ने स्थानांतरण आदेश जारी करते हुए 21 पुलिस निरीक्षकों के कार्यक्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से बदलाव किया है। फेरबदल का उद्देश्य शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में बेहतर निगरानी, चारों यातायात जिलों उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम में समन्वय बढ़ाना तथा ट्रैफिक जाम की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण करना बताया गया है। डीसीपी ट्रैफिक योगेश गोयल की ओर से जारी आदेश के अनुसार पूर्व जिले में प्रहलाद नारायण को सांगानेर, मालपुरा गेट, प्रताप नगर और रामनगरिया, विष्णु शर्मा को जवाहर सर्किल, एयरपोर्ट, मालवीय नगर, बजाज नगर और खो-नागोरियान, इंद्रा अहलावत को एसएमएसए मोतीडूंगरी, लालकोठी और गांधीनगर, दुर्गा प्रसाद को आदर्श नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, जवाहर नगर और जामडोली तथा अरुण कुमार को कानोता, बस्सी और तूंगा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं दक्षिण जिले में अशोक कुमार को अशोक नगर, ज्योति नगर और विधायकपुरी, प्रेमचंद को सोडाला, महेश नगर और श्याम नगर, राकेश यादव को मानसरोवर, शिप्रापथ और मुहाना तथा राजकिरण को सांगानेर सदर, शिवदासपुरा, चाकसू और कोटखावदा क्षेत्र का जिम्मा दिया गया है। इधर पश्चिम जिले में सम्पत राज को सदर, सिंधी कैम्प और बनीपार्क, राजेन्द्र सिंह को कालवाड़, करधनी, झोटवाड़ा और मुरलीपुरा, विजेन्द्र सिंह पुनिया को चौमूं, दौलतपुरा, हरमाड़ा और विश्वकर्मा, भंवर लाल को वैशाली नगर, करनी विहार, चित्रकूट और बिंदायका तथा सुरेश सिंह को भांकरोटा, सेज और बगरू क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही पुलिस लाइन और कार्यालय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए रामकृपाल मीणा को पुलिस निरीक्षक शिक्षा, श्रीराम मीणा को पुलिस निरीक्षक प्रशासन तथा रोहिताश मीणा को पुलिस निरीक्षक रिजर्व नियुक्त किया गया है। पुलिस मुख्यालय ने स्थानांतरित सभी निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से नए कार्यस्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। विभाग का मानना है कि इस फेरबदल से शहर के व्यस्त चौराहों पर यातायात प्रबंधन बेहतर होगा और आमजन को जाम से राहत मिलेगी।

# 20-25 ऑडिशन में रिजेक्ट हुई रश्मिका मंदाना....

## कहा गया- एक्ट्रेस जैसा चेहरा नहीं; घर जाकर रोती थीं, फिर ऐसे बदली किस्मत, बनीं पैन इंडिया स्टार

आज रश्मिका मंदाना देश की बड़ी अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। पुष्पा, एनिमल और छावा जैसी फिल्मों से उन्होंने पैन इंडिया स्टार का दर्जा हासिल किया। लेकिन करियर की शुरुआत में उन्हें लगातार रिजेक्शन झेलने पड़े। उन्होंने करीब 20-25 ऑडिशन दिए, जिनमें ज्यादातर में यह कहकर रिजेक्ट कर दिया गया कि उनका चेहरा एक्ट्रेस जैसा नहीं है। वह घर लौटकर रोती थीं। एक फिल्म के लिए 2-3 महीने ट्रेनिंग लेने के बाद वह फिल्म भी बंद हो गई। हालांकि उन्होंने हार नहीं मानी और पहली ही कन्नड फिल्म किरिक पार्टी से स्टार बन गईं।

***आज की सक्सेस स्टोरी में जानते हैं रश्मिका मंदाना के करियर और निजी जीवन से जुड़ी बातें।...***

### एक्ट्रेस बनने का सपना कभी नहीं देखा था

साल 2014 में कॉलेज में पढ़ाई के दौरान रश्मिका ने क्लीन एंड क्लियर टाइम्स फ्रेश फेस प्रतियोगिता जीती। इसके बाद उन्हें मॉडलिंग के कई ऑफर मिलने लगे। शुरुआत में उन्होंने एक्टिंग के प्रस्ताव ठुकरा दिए थे, क्योंकि उन्होंने कभी अभिनेत्री बनने के बारे में नहीं सोचा था। रश्मिका कहती हैं, जब भी फिल्मों के गाने देखती थी या एक्टर्स के बारे में सुनती थी, तो उनकी जिंदगी मुझे बहुत आकर्षित करती थी। मैं सोचती थी कि कितनी शानदार जिंदगी होगी उनकी। लेकिन मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि एक दिन मैं खुद अभिनेत्री बन जाऊंगी। बाद में कॉलेज के एक प्रोफेसर ने उन्हें ऑडिशन देने के लिए प्रेरित किया।

### तुम्हारा चेहरा एक्ट्रेस जैसा नहीं

रश्मिका ने करियर के शुरुआती दिनों में करीब 20 से 25 ऑडिशन दिए। ज्यादातर जगहों पर उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया। कई कास्टिंग टीमों ने उनसे कहा कि उनका चेहरा एक्ट्रेस जैसा नहीं दिखता। यह बात उन्हें अंदर तक तोड़ देती थी।

### घर लौटकर खूब रोती थीं

एक इंटरव्यू में रश्मिका ने बताया था कि लगातार रिजेक्शन के बाद वह अक्सर घर लौटकर रोती थीं। उन्होंने कहा कि उस समय वह असफलता स्वीकार नहीं कर पाती थीं। हर रिजेक्शन उन्हें लगता था कि शायद वह इस इंडस्ट्री के लिए बनी ही नहीं हैं।

### पहली फिल्म मिली, लेकिन कभी बन नहीं पाई

रश्मिका ने बताया, इसके बाद मैंने आखिरी बार एक फिल्म के लिए ऑडिशन दिया और मेरा सिलेक्शन भी हो गया। फिल्म का नाम गालारे गेलातीरे था। हमने दो-तीन महीने तक उसकी ट्रेनिंग भी की, लेकिन दुर्भाग्य से वह फिल्म कभी शुरू ही नहीं हो पाई। मैं वापस घर आ गई और अपनी पढ़ाई में लग गई। उस वक्त मेरे माता-पिता ने भी कहा कि अब दो साल हो गए हैं, घर वापस आ जाओ। मैंने भी सोचा कि शायद मेरी जिंदगी का रास्ता यही है। हालांकि उन्होंने खुद को संभाला और नए मौके तलाशना जारी रखा।

### रिजेक्शन ने सिखाया आगे बढ़ना

रश्मिका मंदाना अक्सर कहती हैं कि करियर में मिले रिजेक्शन और असफलताएं ही उनकी सबसे बड़ी शिक्षक साबित हुईं। शुरुआती दिनों में कई ऑडिशन में उन्हें बिना स्पष्ट वजह के रिजेक्ट कर दिया गया। कई बार उन्हें चयन न होने की वजह भी नहीं बताई गई। शुरुआत में यह निराश करने वाला था, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने समझ लिया कि मनोरंजन इंडस्ट्री में रिजेक्शन हर कलाकार की यात्रा का हिस्सा है और इसे व्यक्तिगत असफलता नहीं मानना चाहिए। रश्मिका का मानना है कि अगर वह शुरुआती झटकों से टूट जातीं, तो शायद कभी पुष्पा, एनिमल और दूसरी बड़ी फिल्मों तक नहीं पहुंच पातीं। उन्होंने हर रिजेक्शन को खुद को बेहतर बनाने का अवसर माना। अपनी एक्टिंग, स्क्रीन प्रेजेंस और आत्मविश्वास पर लगातार काम किया। वह कह चुकी हैं कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती, बल्कि धैर्य, निरंतर मेहनत और खुद पर भरोसे से मिलती है। यही सोच उन्हें हर असफलता के बाद दोबारा खड़े होने और मजबूत होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रही।

### किरिक पार्टी ने बदल दी जिंदगी

रश्मिका ने कहा, इसी दौरान मुझे किरिक पार्टी का कॉल आया। मुझे लगता है कि वहीं से मेरी एक्ट्रेस के तौर पर असली यात्रा शुरू हुई। जब मुझे यह फिल्म मिली तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ। मैं बस यही सोच रही थी, वाह... ये कैसे हो गया? रश्मिका मंदाना ने 2016 में कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी से अभिनय की शुरुआत की। पहली ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई और रश्मिका कर्नाटक की नई स्टार बन गईं। उनकी सहज एक्टिंग और स्क्रीन प्रेजेंस को दर्शकों ने पसंद किया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी का निर्देशन कांतारा फेम एक्टर-डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी ने किया था।

### कन्नड़ सिनेमा में लगातार मिली सफलता

किरिक पार्टी के बाद रश्मिका ने कन्नड़ फिल्मों अंजनी पुत्र (2017) और चमक (2017) में काम किया। दोनों फिल्मों ने अच्छा प्रदर्शन किया और रश्मिका इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं।

### तेलुगु इंडस्ट्री में रखा कदम

2018 में रश्मिका ने तेलुगु फिल्म चलो से डेब्यू किया। फिल्म सफल रही और तेलुगु दर्शकों ने उन्हें हाथों-हाथ लिया। इसी साल आई गीता गोविंदम में विजय देवरकोंडा के साथ उनकी जोड़ी सुपरहिट रही। फिल्म ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार किया और रश्मिका पूरे दक्षिण भारत में लोकप्रिय हो गईं। इसके बाद उन्होंने देवदास, डियर कॉमरेड, सरिलेरु नीकेवरु, भीष्म और पुष्पा: द राइज जैसी फिल्मों में काम किया। इन फिल्मों ने उन्हें तेलुगु सिनेमा की टॉप अभिनेत्रियों में शामिल कर दिया।

### पुष्पा कैसे मिली?

गीता गोविंदम, सरिलेरु नीकेवरु और भीष्म जैसी फिल्मों की सफलता के बाद निर्देशक सुकुमार ऐसी अभिनेत्री की तलाश में थे, जो श्रीवल्ली के किरदार में गांव की सादगी और मजबूत भावनाओं को पर्दे पर उतार सके। रश्मिका की नेचुरल एक्टिंग और लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें यह रोल ऑफर किया गया। 2021 में रिलीज हुई पुष्पा: द राइज में अल्लू अर्जुन के साथ उनकी जोड़ी पसंद की गई। फिल्म के गाने सामी सामी और श्रीवल्ली का किरदार देशभर में लोकप्रिय हुआ। इसके बाद रश्मिका की पहचान सिर्फ साउथ तक सीमित नहीं रही और वह पैन इंडिया स्टार बन गईं।

### अमिताभ की फिल्म से बॉलीवुड में हुई शुरुआत

रश्मिका ने 2022 में अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म गुडबाय से हिंदी फिल्मों में डेब्यू किया। फिल्म को समीक्षकों ने पसंद किया, हालांकि बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। इसके बाद वह मिशन मजनू (सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ) में नजर आईं।



**कर्नाटक के वीराजपेट में हुआ जन्म**-रश्मिका मंदाना का जन्म 5 अप्रैल 1996 को कर्नाटक के कोडागु (कूर्ग) जिले के वीराजपेट में हुआ। वह कोडवा परिवार से ताल्लुक रखती हैं। खूबसूरत पहाड़ियों और कॉफी बागानों के लिए मशहूर कूर्ग में उनका बचपन बीता। उनके पिता मदन मंदाना स्थानीय कारोबारी हैं, जिनका कॉफी एस्टेट और एक फंक्शन हॉल है। उनकी मां सुमन मंदाना गृहिणी हैं और रश्मिका के करियर में हमेशा उनका सहारा रही हैं। उनकी छोटी बहन शिमन मंदाना भी हैं, जिनसे उनका गहरा लगाव है।

**बचपन में देखा आर्थिक संघर्ष**-रश्मिका के पेरेंट्स के पास कभी उनके लिए खिलौने खरीदने तक के पैसे नहीं थे। उन्होंने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में इसका जिक्र किया था। उनके अनुसार, एक वक्त ऐसा था जब उनके पेरेंट्स को घर ढूंढ़ने और किराया देने के लिए भी संघर्ष करना पड़ा था। हालात इतने खराब थे कि वे अपनी बेटी को खिलौना तक नहीं खरीदकर दे पा रहे थे। इसी गरीबी को देखकर रश्मिका आज मेहनत से कमाए गए रुपयों की वैल्यू करती हैं।

**जिंदगी का बड़ा हिस्सा हॉस्टल में बीता**-रश्मिका ने शुरुआती पढ़ाई कूर्ग पब्लिक स्कूल, गोनिकोप्पल से की। यह बोर्डिंग स्कूल था, इसलिए उनका बचपन काफी हद तक हॉस्टल में बीता। रश्मिका ने कहा, मेरी जिंदगी का ज्यादातर हिस्सा हॉस्टल में बीता। उस वक्त मेरे माता-पिता अपनी जिंदगी और आर्थिक स्थिति को संभालने में जुटे हुए थे। इसलिए बचपन से ही मैं हॉस्टल में रही। उस समय मुझे फिल्में देखने का भी मौका नहीं मिलता था।

### रश्मिका की आने वाली प्रमुख फिल्में

#### 1. रानाबाली

यह 19वीं सदी की ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है, जिसमें रश्मिका अपने पति विजय देवरकोंडा के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 11 सितंबर 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पैन-इंडिया स्तर पर बनने वाली यह फिल्म तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज की जाएगी। इसमें विजय देवरकोंडा ने रानाबाली और रश्मिका मंदाना ने जयम्मा का किरदार निभाया है।

#### 2. मायसा

यह तेलुगु एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें रश्मिका ग्रामीण और आदिवासी पृष्ठभूमि वाले मुख्य किरदार में दिखाई देंगी। यह फिल्म 2026 के अंत तक सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है।

#### 3. पुष्पा 3 - द रैम्पेज

ब्लॉकबस्टर पुष्पा फ्रैंचाइजी की तीसरी कड़ी में वह अल्लू अर्जुन के साथ एक बार फिर श्रीवल्ली का किरदार निभाएंगी। यह फिल्म 2028 या 2029 तक सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है।

#### 4. एनिमल पार्क

एनिमल की सफलता के बाद वह संदीप रेड्डी वांगा की इस अगली क्राइम-ड्रामा फिल्म में भी दिखाई देंगी। इस फिल्म की रिलीज डेट अभी घोषित नहीं की गई है, क्योंकि इसकी शूटिंग 2027 के मध्य में शुरू होगी।

#### 5. एटली की अगली फिल्म

एटली के निर्देशन में बनने वाली इस आगामी तेलुगु फिल्म में रश्मिका की जोड़ी अल्लू अर्जुन के साथ बनेगी। इस फिल्म का आधिकारिक तौर पर राका नाम दिया गया है। फिलहाल इस साइंस-फिक्शन फिल्म की आधिकारिक रिलीज डेट घोषित नहीं की गई है, लेकिन ट्रेड रिपोर्ट्स के अनुसार इसके समर 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है।

## खेल समाचार

# बैटिंग कोच बोले-लॉर्ड्स में बड़ी पारी खेल सकते हैं रोहित

### सितांशु कोटक ने कहा- स्ट्रगल नहीं कर रहे; दावा था- रिटायरमेंट लेंगे



रोहित शर्मा के रिटायरमेंट की अटकलों के बीच भारतीय कोच सितांशु कोटक ने कहा- रोहित न तो दबाव में हैं और न ही स्ट्रगल कर रहे हैं। वे लॉर्ड्स में बड़ी पारी खेल सकते हैं। एक दिन पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि लॉर्ड्स वनडे रोहित शर्मा के करियर का आखिरी वनडे होगा। उसके बाद उनके रिटायरमेंट की अटकलें भी शुरू हो गईं। कोटक ने मैच के बाद कहा, आज भी ऐसा लग रहा था कि रोहित बड़ी पारी खेलेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। पिच पर गेंद पर असमान्य उछाल था। रोहित जिन शॉट्स को आमतौर पर आसानी से खेलते हैं, उनमें उन्हें सहज महसूस नहीं हुआ। ऐसा कई बैटर्स के साथ होता है। आप लॉर्ड्स में रोहित शर्मा की बिल्कुल अलग पारी देख सकते हैं। इस मसले में पूर्व क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने कहा- मुझे उम्मीद है कि पूर्व कप्तान जबरदस्त वापसी करेंगे और एक शानदार शतक लगाकर आलोचकों का मुंह बंद कर देंगे।

### स्ट्रगल शब्द इस्तेमाल नहीं करूंगा

यशस्वी जायसवाल या ईशान किशन को वनडे टीम में मौका मिलने की संभावना पर पूछे गए सवाल पर कोटक ने कहा कि वे रोहित के लिए संघर्ष शब्द का इस्तेमाल नहीं करेंगे।

कोटक ने शुभमन गिल और विराट कोहली का उदाहरण देते हुए कहा- पहले वनडे में गिल और दूसरे वनडे में कोहली को अच्छी शुरुआत मिली, जिससे वे बड़ी पारी खेल सके। लेकिन, रोहित को वैसी शुरुआत नहीं मिल सकी। इस मैच में रोहित शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। इसलिए मैं नहीं कहूंगा कि वह संघर्ष कर रहे हैं।

### कार्डिफ की पिच दूसरी पारी में आसान हुई


कोटक के अनुसार कार्डिफ की पिच पहली पारी में दो गति वाली थी, जिससे बल्लेबाजी मुश्किल रही। दूसरी पारी में विकेट बेहतर हो गया और इसका फायदा जो रूट ने नाबाद 99 रन की मैच जिताऊ पारी खेलकर उठाया। उन्होंने कहा, पहली पारी में बैक ऑफ लेंथ गेंदें रुककर आ रही थीं और ज्यादा उछाल ले रही थीं। दूसरी पारी में ऐसा नहीं था।

# मेसी बोले- हमें कुछ भी थाली में परोसकर नहीं मिला

### फीफा वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना रेफरी से फेवर मिलने के आरोपों का जवाब दिया

अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने उन दावों को खारिज किया है, जिनमें कहा गया कि 2026 फीफा वर्ल्ड कप में उनकी टीम को रेफरी से फेवर मिला है। मेसी ने कहा कि मौजूदा चैंपियन टीम ने अपनी मेहनत और जुझारूपन से लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। द एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक, इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 2-1 की जीत के बाद मेसी ने कहा- चाहे किसी को पसंद हो या न हो, हम पिछले चार साल से सर्वश्रेष्ठ रहे हैं। हमने साबित किया है कि हमारी सफलता कोई तुक्का नहीं है और हमें कुछ भी मुफ्त में नहीं मिला है।

अटलांटा में बुधवार को हुए सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने 55वें मिनट में एंथनी गॉर्डन के गोल से बढ़त बनाई थी। हालांकि, इंग्लैंड के डिफेंसिव रुख का फायदा उठाते हुए अर्जेंटीना के लिए एंजो फर्नांडीज और लाउटारो मार्टिनेज ने देर से गोल कर टीम को जीत दिलाई। टूर्नामेंट के दौरान अर्जेंटीना के मैचों में रेफरी के फैसलों पर सवाल उठे थे। स्विट्जरलैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में ब्रिल एम्बोलो को रेड कार्ड मिलने पर स्विस कोच मूरत याकिन ने कहा था, हमें एक ऐसे नियम की सजा मिली जो पूरी तरह अस्वीकार्य है। यह हार बहुत दर्दनाक है। मिस्र फुटबॉल एसोसिएशन ने भी राउंड ऑफ 16 के मैच में विवादास्पद फैसलों पर नाराजगी जताई थी। मिस्र का आरोप था कि मुस्तफा जिको का गोल वीएआर रिव्यू में गलत तरीके से रद्द किया गया और मोहम्मद सलाह को गिराए जाने के बावजूद पेनल्टी नहीं दी गई। अर्जेंटीना अब



रविवार को न्यू जर्सी में होने वाले फाइनल में स्पेन का सामना करेगा। वहीं, शनिवार को मियामी में तीसरे स्थान के लिए फ्रांस और इंग्लैंड के बीच मुकाबला होगा। इससे पहले अर्जेंटीना ने केप वर्डे, मिस्र और स्विट्जरलैंड के खिलाफ कड़े मुकाबलों के बाद जीत हासिल की थी।

### इंग्लैंड को हराकर अर्जेंटीना फुटबॉल वर्ल्डकप फाइनल में

डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार फुटबॉल वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गया है। लियोनेल मेसी की टीम ने बुधवार रात को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराया। टीम 85 मिनट 0-1 से पिछड़ रही थी। उसके बाद आखिरी 7 मिनट में दो गोल दागे और जीत हासिल की। फाइनल में उसका मुकाबला 19 जुलाई को स्पेन से होगा। अटलांटा में एंथनी गॉर्डन के 55वें मिनट के गोल से इंग्लैंड फाइनल की ओर बढ़ता दिख रहा था। लेकिन लियोनेल मेसी की टीम ने आखिर वक्त में मैच का रुख पलट दिया। मेसी के पास पर एंजो फर्नांडेज ने 25 गज से शानदार गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। फिर इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में मेसी के सटीक क्रॉस पर सब्स्टीट्यूट लॉटारो मार्टिनेज ने हेडर से गोल दागकर जीत दिला दी।

जीत के बाद अर्जेंटीना के प्लेयर्स ने मैदान पर Las Malvinas son Argentinas (फॉकलैंड/माल्विनास अर्जेंटीना के हैं) लिखा हुआ बैनर लहराया था। इस पर विवाद हो गया और दोनों देशों के फैंस भिड़ गए। फॉकलैंड अटलांटिक महासागर में स्थित एक द्वीप है, जिस पर दोनों देश अपना दावा करते हैं। 2 अप्रैल 1982 को अर्जेंटीना ने फॉकलैंड पर कब्जा कर लिया। फिर ब्रिटेन ने 74 दिन चले युद्ध के बाद द्वीपों पर दोबारा कब्जा हासिल कर लिया। 1816 में स्पेन से आजाद होने के बाद फॉकलैंड अर्जेंटीना का था।

### अर्जेंटीना 7वीं बार फाइनल में पहुंचा है

यह अर्जेंटीना का 7वां वर्ल्ड कप फाइनल होगा। टीम इससे पहले 1930, 1978, 1986, 1990, 2014 और 2022 में फाइनल खेल चुकी है। अर्जेंटीना 1978, 1986 और 2022 में विश्व कप जीत चुकी है। अब उसके पास लगातार दूसरी बार और कुल चौथा खिताब जीतने का मौका है।

### पहला हाफ- फुटबॉल कम, लड़ाई ज्यादा

मैच की शुरुआत से ही यह साफ हो गया था कि मुकाबला सिर्फ फुटबॉल का नहीं है। तीसरे ही मिनट में इंग्लैंड के इलियट एंडरसन पर टैकल के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी आमने-सामने आ गए। रेफरी इस्माइल एलफाथ को बीच-बचाव करना पड़ा। पूरे पहले हाफ में कई बार खिलाड़ी भिड़े और फाउल की भरमार रही। 33वें मिनट में इंग्लैंड को पहला मौका मिला। डेक्लन राइस की फ्री-किक पर जॉन स्टोन्स ने हेडर लगाया, लेकिन गेंद नेट में लगाकर बाहर चली गई। अर्जेंटीना की ओर से एंजो फर्नांडेज ने 38वें मिनट में बॉक्स के बाहर से शॉट लगाया, जो गोलपोस्ट के ऊपर निकल गया।

37वें मिनट में लियोनेल मेसी आगे बढ़े, लेकिन इलियट एंडरसन ने उन्हें रोकने के लिए फाउल किया। इस पर एंडरसन को येलो कार्ड मिला। 42वें मिनट में जूड बेलिंगहम की जर्सी खींचने पर अर्जेंटीना के लिसांद्रो मार्टिनेज को भी कार्ड दिखाया गया।

## आम सूचना

Au small finance bank शाखा रतनगढ़ द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोतीलाल पुत्र पन्नालाल सोनी व श्रीमती झुमा पत्नी धनेश सोनी पुत्री रामोतार सोनी निवासी रतनगढ़ जिला चूरू अपनी आवासीय जायदाद तादादी 584.259 वर्ग फिट व 910 वर्ग फीट वाके वार्ड नम्बर 11, मोहल्ला मावलियाँ, तहसील रतनगढ़ जिला चूरू जो की जरिये विक्रय पत्र डीड दिनांकित 01.10.2018 को रामोतार पुत्र ओंकारमल सोनी से मोतीलाल पुत्र पन्नालाल सोनी की खरीद शुदा है। व जरिये गिफ्ट पत्र दिनांकित 25.01.2019 को रामोतार पुत्र ओंकारमल सोनी ने झुमा पत्नी धनेश सोनी को गिफ्ट की थी उक्त दोनों जायदाद को संजय कुमार पुत्र प्रकाश सोनी जरिये Au Small Finance Bank शाखा रतनगढ़ से वित्तिय सहायता प्राप्त कर क्रय कर उक्त जायदाद को प्रार्थी संजय कुमार पुत्र प्रकाश सोनी Au small finance bank शाखा रतनगढ़ में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। उक्त सम्पति पट्टा सम्वत 1979 मिति आषाढ़ सुदी 05 दिनांकित 08.07.1913 का भाग है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Au small finance bank शाखा रतनगढ़ के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 7877480007, 7877470007**

## आम सूचना

Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा सरदारशहर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ममता पत्नी शिव रतन ब्राह्मण निवासी सरदारशहर, जिला चूरू अपनी व्यवसायिक जायदाद दुकान नंबर 81, तादादी 250 वर्ग फिट वाके मोहल्ला कच्चे बस स्टैण्ड के पीछे तहसील सरदारशहर, जिला चूरू जो की जरिये विक्रय पत्र डीड दिनांकित 30.04.2026 को प्रार्थी की महावीर सिंह पुत्र गोविंदराम जाट से खरीद शुदा है उक्त सम्पति पट्टा संवत 1934 मिति चैत्र बड़ी 12 का भू भाग है। उक्त जायदाद को प्रार्थी Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा सरदारशहर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा सरदारशहर के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 7877480007, 7877470007**

## नाम परिवर्तन

मैं राजेन्द्र कुमार पुत्र मोती लाल एवम् सुनिता सकरवाल पत्नी राजेन्द्र कुमार निवासीगण वार्ड नं 19 सूरजगढ़ तहसील सूरजगढ़ जिला झुन्झुनू (राज.)। यह कि हमारी पुत्री के स्कूल रिकॉर्ड में उसका नाम यशस्वी डिग्रीवाल (YASHASHVI DIGRIWAL) है जबकि उसका सही नाम यशस्वी डिग्रवाल (YASHASVI DIGRAWAL) है भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावे व स्कूल रिकॉर्ड में भी दुरुस्त करे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बड़बर पंचायत समिति बुहाना (झुन्झुनू)

क्रमांक/बडबर/26-27/188 दिनांक:- 17.07.2026

**ई-निविदा सूचना/2026-27**

ग्राम पंचायत बड़बर पंचायत समिति बुहाना में स्वीकृत निम्नानुसार कार्यों को सम्पादित करने हेतु राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभागों में पंजीकृत एवं अधिकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से पंचायत राज नियम 181 (1) के अन्तर्गत ई संकर्म निविदाए (Work Tender) आमन्त्रित की जाती है। कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत बड़बर पंचायत समिति बुहाना कार्यालय एंव http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है जिसके NIB No/ UBN NO निम्नानुसार है।

| | |
|---|---|
| NIB No | PGD2627A0013 |
| UBN No | PGD2627WSRC00013 |
| UBN No | PGD2627WSRC00014 |
| UBN No | PGD2627WSRC00015 |
| UBN No | PGD2627WSRC00016 |
| UBN No | PGD2627WSRC00017 |
| UBN No | PGD2627WSRC00018 |

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत बड़बर
पंचायत समिति बुहाना

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत बड़बर
पंचायत समिति बुहाना


# राजस्थान में झमाझम होगी बारिश!

## 14 जिलों में गरज-चमक के साथ बरसेंगे बादल, येलो अलर्ट जारी



जयपुर।

राजस्थान में शुक्रवार (17 जुलाई 2026) तक मौसम का मिजाज मिला-जुला बना रहा. पिछले 24 घंटों के दौरान पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई, जबकि पश्चिमी राजस्थान के ज्यादातर जिले शुष्क रहे. मौसम विभाग के अनुसार करौली में सबसे ज्यादा 10 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई. वहीं, राज्य का सबसे अधिक तापमान श्रीगंगानगर में 40.6 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम न्यूनतम तापमान सिरोही में 21.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. शाम के बाद भी पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में मेघगर्जन, तेज हवाओं और हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है.

### इन जिलों में येलो अलर्ट, बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी

मौसम विभाग ने सीकर, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, दौसा, करौली, टोंक, सवाई माधोपुर, बूंदी, कोटा, झालावाड़, बारां और झुंझुनूं जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. इन क्षेत्रों में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. इसके साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है. शाम और रात के समय कुछ इलाकों में अचानक मौसम बदल सकता है, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है.

### कमजोर मानसून का असर अभी रहेगा जारी

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में फिलहाल मानसून कमजोर बना हुआ है और अगले तीन से चार दिन तक यही स्थिति बनी रह सकती है. इसी वजह से राज्य के अधिकांश हिस्सों में व्यापक बारिश की संभावना फिलहाल कम है. हालांकि पूर्वी राजस्थान के कुछ जिलों में स्थानीय स्तर पर बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं. फिलहाल रेड या ऑरेंज अलर्ट जारी नहीं किया गया है, लेकिन जिन जिलों में येलो अलर्ट है वहां मौसम तेजी से बदल सकता है.

### 21 जुलाई से फिर सक्रिय होगा मानसून

पूर्वानुमान के मुताबिक 21 जुलाई से भरतपुर, जयपुर, कोटा और उदयपुर संभाग के कई हिस्सों में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है. इन इलाकों में मेघगर्जन के साथ अच्छी बारिश देखने को मिल सकती है. इसके बाद 22 और 23 जुलाई से पश्चिमी और मध्य राजस्थान में भी मानसून के दोबारा सक्रिय होने के संकेत हैं.

### जोधपुर - बीकानेर संभाग को भी मिलेगी राहत

मौसम विभाग का कहना है कि जुलाई के आखिरी सप्ताह में पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में भी मानसून की बारिश बढ़ने की उम्मीद है. लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे इन इलाकों में इससे गर्मी से राहत मिलने के साथ किसानों को भी फायदा हो सकता है.

# अमेरिका के 250वें स्थापना दिवस समारोह में भारत की समुद्री विरासत का प्रदर्शन

नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण जहाज आईएनएस सुदर्शनी ने अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में अपनी ऐतिहासिक भागीदारी पूरी कर ली है। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने इस तैनाती को भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दिखाने में एक और मील का पत्थर बताया है। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, चार पोर्ट, एक मिशन। भारतीय नौसेना के सेल ट्रेनिंग शिप आईएनएस सुदर्शनी ने एसएआईएल 250 और इंटरनेशनल नेवल रिव्यू 250 में ऐतिहासिक हिस्सा लिया। यह अमेरिका की आजादी के 250वां वर्षगांठ समारोह को दिखाता है। इस तैनाती के महत्व पर जोर देते हुए दूतावास ने कहा, नॉरफॉक, बाल्टीमोर, न्यूयॉर्क और बोस्टन के बंदरगाहों पर इस लंबे जहाज की शानदार यात्रा भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाती है, जिससे भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को प्रमुखता मिलती है। अमेरिका के ईस्ट कोस्ट के चार बड़े पोर्ट्स से होकर गुजरने वाली आईएनएस सुदर्शनी की यात्रा, अमेरिका की आजादी की 250वीं सालगिरह के मौके पर मनाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय समुद्री जश्न में भारत की भागीदारी का हिस्सा थी, जो नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच बढ़ते रक्षा और समुद्री सहयोग को दिखाता है।


**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT CIRCLE SIKAR**
e-mail: phedsikar@gmail.com, se.sik.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक:-त स/सीकर/2026-27/2112-26 दिनांक:- 08.07.2026

E-NOTICE INVITING BID No. 05-08/2026-27

Bids for 04 nos. works of total Rs. 1100.00 lacs in Sikar District are invited from interested bidders upto 06:00 PM on date 05.08.2026. other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in of the state and http:// www.eproc.rajasthan.gov.in.

| बिड संख्या | UBN No | बिड संख्या | UBN No |
|---|---|---|---|
| 05/2026-27 | PHE2627WSRC02666 | 07/2026-27 | PHE2627WSRC02669 |
| 06/2026-27 | PHE2627WSRC02667 | 08/2026-27 | PHE2627WSRC02670 |

DIPR/C/12440/2026

**Superintending Engineer,**
PHED, Circle Sikar.

**विवाधको के स्थिरीकरण के लिये समन**
**( आदेश 5 के नियम 1 और 5 )**
न्यायालय सहायक कलेक्टर महोदय स्थान: झुन्झुनू।
वादी-सुमन देवी वगै... विरुद्ध.... विदयाधर सिंह वगै मु.नं. 14/25
**दावा बाबत घोषणार्थ विभाजन व स्थाई निषेधाज्ञा**

**प्रेषित :-**
1. विकास कुमार पुत्र बजरंगलाल जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
2. रामप्यारी पत्नि धासीराम जाति-जाट निवासी ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
3. चूकि देवी पुत्री धासीराम जाति-जाट निवासी ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू।
4. तारामणी पुत्री धासीराम जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
5. नर्वदा देवी पुत्री धासीराम जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
6. रतनकौर पुत्री धासीराम जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
7. छोटी देवी पुत्री पुत्री धासीराम जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
8. सुमित्रा देवी पुत्री धासीराम जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
9 शांति देवी स्त्री मोटाराम जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
10. परमेश्वरी देवी पुत्री मोटाराम जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
11. कमला देवी पुत्री मोटाराम जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
12. ज्ञानी देवी पुत्री मोटाराम जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
13. प्रहलाद पुत्र कालू जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
14. सुभाष पुत्र कालू जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
15. श्रवणी देवी स्त्री कालू जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
16. छोटी देवी स्त्री सुरेश जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
17. विवेक पुत्र सुरेश कुमार उम्र 15 वर्ष जरिये वली कुदरती माता श्रीमती छोटी देवी जरिये वली कुदरती माता छोटी देवी स्त्री सुरेश जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
18. बरजी स्त्री बालूराम जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
19. रामसिंह पुत्र बालूराम जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
20. विदयाधर पुत्र ख्यालीराम जाति-जाट निवासी-ढाणी बड़ की तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।
21. राजस्थान सरकार जरिये लैण्ड हौल्डर तहसीलदार गुढागौड़जी तहसील गुढागौड़जी जिला-झुन्झुनू ।

वाद के लिये संस्थित किया है कि आपको इस न्यायालय में तारीख 22/7/2026 को दिन के 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिसे समन दिया जाता हैं। आप न्यायालय में स्वय या किसी ऐसे प्लीडर दवारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो वादो से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतीक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिस पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेज को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करे। आपको सुचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो वाद की सूनवाई और निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह आज तारीख 3271/15-7-26 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय कि मुद्रा लगाकर दिया गया।

सहायक कलक्टर
झुंझुनू (राज.)


# पीएम मोदी के विजन को दर्शाती है भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन : पीयूष गोयल

नई दिल्ली।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज शुक्रवार को भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन-संचालित ट्रेन की शुरुआत को ग्रीन मोबिलिटी के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक क्षण बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए गोयल ने लिखा, भारत के ग्रीन मोबिलिटी भविष्य के लिए सचमुच एक ऐतिहासिक क्षण। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जींद-सोनीपत रूट पर भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कही ये बातें:

- यह 10-कोच वाली ट्रेन 1200 किलोवाट के हाइड्रोजन फ्यूल सेल प्रोपल्शन सिस्टम से चलती है और केवल पानी की भाप छोड़ती है।
- यह 'आत्मनिर्भर भारत' और स्वच्छ, हरे-भरे भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है और यह इंजीनियरिंग की अद्भुत मिसाल है।
- प्रधानमंत्री मोदी के इनोवेशन-आधारित और नेट-जीरो ग्रोथ वाले विजन से प्रेरित यह प्रोजेक्ट देश को टिकाऊ रेल परिवहन में नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

पीयूष गोयल ने यह भी कहा कि जींद में विकसित स्वदेशी हाइड्रोजन स्टोरेज और रीफ्यूलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ भारत अब उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जो क्लीन मोबिलिटी में नए मानक स्थापित कर रहे हैं।



### ट्रेन की खासियतें:

- दो हाइड्रोजन ड्राइविंग पावर कार और आठ ट्रेलर कोच
- कुल क्षमता: लगभग 2600 यात्री
- अधिकतम गति: 110 किमी प्रति घंटा
- पूरी तरह भारत में डिजाइन, इंजीनियरिंग और एकीकृत

भारतीय रेलवे ने जींद में देश का पहला इंटीग्रेटेड हाइड्रोजन इकोसिस्टम तैयार किया है, जहां इलेक्ट्रोलिसिस से हाइड्रोजन का उत्पादन, कंप्रेशन, स्टोरेज और रीफ्यूलिंग की पूरी व्यवस्था है। प्रोजेक्ट में अत्याधुनिक सुरक्षा सिस्टम भी लगाए गए हैं।यह ट्रेन शुरू में जींद-सोनीपत के 89 किलोमीटर लंबे सेक्शन पर चलेगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत अब स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भर तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बड़बर पंचायत समिति बुहाना (झुन्झुनू)

क्रमांक:- 2026-27/183 दिनांक:- 17.07.2026

ई-निविदा सूचना 03/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से, ग्राम पंचायत बड़बर में स्वीकृत निम्न लिखित कार्य को सम्पादित करने हेतु राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में पंजीकृत एंव अधिकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से पंचायत राज नियम 181 (1) के अन्तर्गत ग्राम पंचायतवार ई संकर्म निविदाए (Work Tender) आमन्त्रित की जाती है। कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत बड़बर पंचायत समिति बुहाना कार्यालय एंव http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

निविदा डाउनलोड करने की तिथि व समय : 21.07.2026 को सुबह 11:00 बजे से

निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय : 27.07.2026 को दोपहर 1:00 बजे तक

निविदा से सम्बन्धित भौतिक दस्तावेज (निविदा प्रपत्र शुल्क व प्रोसेसिंग फीस एवं धरोहर राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट) जमा कराने की अन्तिम तिथि व समय : 27.07.2026 को दोपहर 2:00 बजे तक

निविदा से सम्बन्धित भौतिक दस्तावेज जमा करवाने का स्थान : ग्राम पंचायत बड़बर।

ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय: 27.07.2026 को 3:00 बजे से

| पैकेज संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क राशि | प्रोसेसिंग शुल्क | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम बड़बर में श्मशान घाट की चार दिवारी और फेंसिंग कार्य। | 1000000/- | 500/- | 500/- | 20000/- | 1 माह |
| 2 | ग्राम बड़बर में समाज कल्याण भवन निर्माण कार्य। | 800000/- | 500/- | 500/- | 16000/- | 6 माह |
| 3 | राजकीय बालिका उच्च मा. विद्यालय बड़बर में सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | 300000/- | 500/- | 500/- | 6000/- | 3 माह |
| 4 | ग्राम बड़बर में राधेश्याम के घर के पास ढाणी लक्ष्मण रास्ते पर पानी की टंकी मय पाईप लाइन कार्य। | 200000/- | 500/- | 500/- | 4000/- | 1 माह |
| 5 | ग्राम ढाणी लक्ष्मण में चिन्हित स्थानों पर सोख और मैजिक पिट निर्माण कार्य | 200000/- | 500/- | 500/- | 4000/- | 1 माह |
| 6 | ग्राम पंचायत बड़बर में कचरा पात्र निर्माण कार्य | 150000/- | 500/- | 500/- | 3000/- | 1 माह |

प्रशासक
ग्राम पंचायत बड़बर
पंचायत समिति बुहाना

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बड़बर
पंचायत समिति बुहाना


# अमेरिका का भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट पर अटैक

### कंट्रोल टावर को निशाना बनाया; लगातार छठी रात ईरान पर एयरस्ट्राइक की

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका ने शुक्रवार को लगातार छठी रात ईरान पर एयरस्ट्राइक की। इस दौरान भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट को भी निशाना बनाया गया। हमले में पोर्ट के कंट्रोल (निगरानी) टावर को नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कंट्रोल टावर के क्षतिग्रस्त होने की तस्वीर भी शेयर की है। ईरानी समाचार एजेंसी मेहर ने चाबहार पोर्ट और कंट्रोल टावर पर अमेरिकी हमले की पुष्टि की है। पिछले एक हफ्ते में इस टावर पर यह तीसरा हमला है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि फाइटर जेट, ड्रोन और युद्धपोतों से ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया गया। सेंटकॉम ने कहा कि हमलों में तटीय निगरानी केंद्र, एयर डिफेंस सिस्टम, सैन्य लॉजिस्टिक्स और समुद्री सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।


## नाम परिवर्तन

मैं दिनेश कुमार सैनी पुत्र ओम प्रकाश सैनी निवासी पोस्ट ऑफिस के पास पकौड़ी की ढाणी तहसील व जिला झुंझुनूं (राज.)। मैंने मेरे पुत्र का नाम आरूष (AARUSH) से बदलकर आरूष कटारिया (ARUSH KATARIA) रख लिया है भविष्य में मेरे पुत्र को आरूष कटारिया (ARUSH KATARIA) के नाम से जाना व पहचाना जावें।

**संख्याक - 6**
**अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्याशी को सूचना**
**( आदेश 41 का नियम 14 )**
**न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी सीकर कैम्प कोर्ट, झुंझुनूं**
**अपीलान्ट- मृतक गणपत वगैरह - बनाम- हरिसिंह वगैरह**
**दावा बाबत अपील**

**अपील नं. 55/2025**

उपखण्ड अधिकारी, झुन्झुनू के न्यायालय
के तारीख 31.12.2024 के डिक्री की अपील

प्रेषित :-
श्रीमती शकुन्तला पुत्री स्व. महावीर प्रसाद स्त्री श्यामलाल उर्फ श्याम सुन्दरजाति ब्राहम्ण निवासी नूंआ तहसील व जिला झुन्झुनूं, श्रीमती संतरा देवी बेवा देवी प्रसाद जाति ब्राहम्ण निवासी बी- 154/8 अरविन्द नगर गली नं 2 महेश्वरी भवन के पास धोण्डा दिल्ली-110053, मनीष पुत्र स्व. देवीप्रसाद जाति ब्राहम्ण निवासी बी- 154/8 अरविन्द नगर गली नं 2 महेश्वरी भवन के पास धोण्डा दिल्ली-110053, प्रशान्त पुत्र स्व. देवीप्रसाद जाति ब्राहम्ण निवासी बी- 154/8 अरविन्द नगर गली नं 2 महेश्वरी भवन के पास धोण्डा दिल्ली-110053, श्रीमती नीतू पुत्री स्व. देवी प्रसाद जाति ब्राहम्ण निवासी बी- 154/8 अरविन्द नगर गली नं 2 महेश्वरी भवन के पास धोण्डा दिल्ली-110053, कैलाश पुत्र स्व. दुर्गादत्त जाति ब्राहम्ण निवासी खण्डेलवालो का मौहल्ला गोशाला के पास बगड़ तहसील व जिला झुन्झुनूं (राज.), श्रीमती मुन्नी पुत्री स्व. दुर्गादत स्त्री प्रभूदयाल जाति ब्राहम्ण निवासी चुड़ी चतरपुरा तहसील व जिला झुन्झुनू, श्रीमती बीरू पुत्री स्व दुर्गादत स्त्री सतभगवान जाति ब्राहम्ण निवासी कोरिड़ो तहसील फतेहपुर जिला सीकर, श्रीमती संतोष बेवा रामवतार जाति ब्राहम्ण निवासी खण्डेलवालों का मौहल्ला बगड़, राजेन्द्र, दीपक, अजीत, सुमित, डब्बु पुत्रगण रामवतार जाति ब्राहम्ण निवासी खण्डेलवालो का मौहल्ला बगड़, मु. मन्जू पुत्री स्व. रामावतार जाति ब्राहम्ण निवासी खण्डेलवालो का मौहल्ला बगड़, ओमप्रकाश पुत्र स्व. बजरंगलाल जाति ब्राहम्ण निवासी खण्डेलवालो का मौहल्ला बगड़ तहसील व जिला झुन्झुनूं, मनोहरलाल पुत्र स्व. बजरंगलाल जाति ब्राहम्ण निवासी खण्डेलवालो का मौहल्ला बगड़ तहसील व जिला झुन्झुनूं, श्रीमती म्हादी बेवा कुरडाराम पुत्री स्व. हनुमान जाति माली निवासी दादमुवाली ढाणी तन ढहर खेतड़ी ग्राम पंचायत नानूवाली बावड़ी तहसील खेतड़ी जिला झुन्झुनूं, श्रीमती विमला बेवा रामेश्वर जाति माली निवासी ओझावाली ढाणी तन अशोक नगर तहसील व जिला झुन्झुनूं, कमल पुत्र स्व. रामेश्वर जाति माली निवासी ओझावाली ढाणी तन अशोक नगर तहसील व जिला झुन्झुनूं, मु. नाथी पुत्री स्व. रामेश्वर स्त्री कैलाश जाति माली निवासी सूरजगढ़ तहसील सूरजगढ़ जिला झुन्झुनूं, मु. संतोष पुत्री स्व. रामेश्वर स्त्री रोहताश जाति माली निवासी पकोड़ी की ढाणी तन बुडाना तहसील व जिला झुन्झुनूं, मु. कौशल्या पुत्री स्व. रामेश्वर स्त्री रमेश जाति माली निवासी धाबाई की ढाणी तन चिड़ावा तहसील चिड़ावा जिला झुन्झुनूं, मु. संजु पुत्री स्व. रामेश्वर जाति माली निवासी ओझावाली ढाणी तन अशोक नगर तहसील व जिला झुन्झुनूं

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में उपखण्ड अधिकारी झुन्झुनूं की डिक्री की अपील अपीलान्ट्स द्वारा उपस्थापित की गई है और इस न्यायालय में दर्ज रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा तारीख 13.08.2026 नियत की गई है। यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपका प्लीडर या आपके कार्य करने के लिए विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जायेगी। यह आज दिनांक 7496/16.07.26 को मेरे हस्ताक्षर से और
न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की गई।

आज्ञा से रीडर
न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी,
सीकर कैम्प झुन्झुनूं

# नीट यूजी 2026 : जयपुर के उपलक्ष्य गोयल बने राजस्थान टॉपर

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा घोषित नीट यूजी-2026 के परिणामों में जयपुर के उपलक्ष्य गोयल ने ऑल इंडिया रैंक एआईआर 3 हासिल कर राजस्थान में टॉप किया है। उन्होंने 720 में से 711 अंक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया। यह सफलता उनकी वर्षों की मेहनत, अनुशासित तैयारी और निरंतर अभ्यास का परिणाम मानी जा रही है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र उपलक्ष्य गोयल ने देशभर के लाखों अभ्यर्थियों के बीच तीसरी रैंक प्राप्त कर संस्थान की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया है। उनकी इस सफलता पर परिवार, शिक्षकों और संस्थान में खुशी का माहौल है। नीट यूजी-2026 में आकाश के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम डीएलपी के छात्र आर्यन गुप्ता ने 715 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की। वहीं, क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र उपलक्ष्य गोयल ने 711 अंकों के साथ एआईआर-3, आर्यन दुबे ने 710 अंकों के साथ एआईआर-7 और गीतांश सरीन ने 705 अंकों के साथ एआईआर-8 प्राप्त की। इसके अलावा आदित्य शर्मा ने 695 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-76 हासिल की। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के क्षेत्रीय निदेशक अखिलेश दीक्षित के अनुसार इस वर्ष नीट यूजी-2026 में आकाश के 38 छात्रों ने ऑल इंडिया टॉप-100 में स्थान बनाया। इनमें 16 छात्र टॉप-50 में और चार छात्र टॉप.10 में शामिल रहे, जो संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। दीक्षित ने उपलक्ष्य गोयल को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एईएसएल छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है, ताकि वे अपने करियर के लक्ष्यों को हासिल कर सकें। वहीं अपनी सफलता पर उपलक्ष्य गोयल ने कहा कि नीट यूजी-2026 में एआईआर-3 हासिल करना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन, लगातार अभ्यास और आकाश के शिक्षकों के मार्गदर्शन ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि संस्थान की व्यवस्थित पढ़ाई, डाउट क्लियरिंग सेशन और शिक्षकों के निरंतर प्रोत्साहन ने पूरे सफर में उनका आत्मविश्वास बनाए रखा। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया।

## एन डांस कार्निवल का दूसरा ऑडिशन का आयोजन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नृत्य शैली अकडेमी द्वारा आयोजित एन डांस कार्निवल के ऑडिशन का सफल आयोजन एन.के. पब्लिक स्कूल में किया गया। ऑडिशन में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर उत्साह, ऊर्जा और रचनात्मक माहौल से सराबोर रहा। विद्यालय की प्राचार्या आराधना पारीक ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कला, संस्कृति और खेल जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव ऐसी रचनात्मक एवं प्रतिभा-विकास से जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहित करता है। उनकी सकारात्मक सोच, विद्यार्थियों के प्रति समर्पण और आयोजन के प्रति सहयोगात्मक रवैये की सभी उपस्थित लोगों ने सराहना की। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। ऑडिशन का सफल संचालन नवीन अनोरिया के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन निर्णायक प्रेरणा मूलचंदानी, लविशा नेभनानी एवं करिश्मा नेभनानी ने किया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की कला, अभिव्यक्ति, मंच प्रस्तुति और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनू कुमार टांक, विजय सिंह, शैलेश सैनी, भावना शर्मा, पल्लवी सक्सेना, नेहा शर्मा एवं अर्जुन लाल मुंडोतिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं आयोजन को फरेम रंग के साथ सविता कुमावत, सुरेंद्र कुमावत, नरेंद्र कुमावत एवं संदीप कुमावत का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। नृत्य शैली अकडेमी की ओर से बताया गया कि एन डांस कार्निवल का उद्देश्य प्रदेश की उभरती नृत्य प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी कला का प्रदर्शन कर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। ऑडिशन में चयनित प्रतिभागी अब प्रतियोगिता के आगामी चरण में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## जवाहर कला केंद्र में 21 अगस्त से सजेगा फोटो और पेंटिंग महाकुंभ

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में नजर फोटो और पेंटिंग एग्जीबिशन के पांचवें सीजन का आयोजन 21 से 23 अगस्त तक किया जाएगा। वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के अवसर पर आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय महोत्सव के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं, जो 30 जुलाई तक खुले रहेंगे। एग्जीबिशन की संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया कि यह जयपुर का सबसे बड़ा फोटोग्राफी महाकुंभ होगा। जिसमें फोटोग्राफी के साथ.साथ पेंटिंग्स भी प्रदर्शित की जाएंगी। एग्जीबिशन में राजस्थान सहित देश-विदेश के फोटोग्राफर और कलाकार भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में राजस्थान की कई जानी-मानी हस्तियों की सहभागिता भी रहेगी। इसके अलावा प्रशासनिक अधिकारी अपनी तस्वीरें और पेंटिंग्स प्रदर्शित करेंगे। एग्जीबिशन में जयपुर और राजस्थान के फोटोजर्नलिस्ट, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर, डॉक्टर, छात्र फोटोग्राफर तथा पेंटिंग आर्टिस्ट भी अपनी कृतियां प्रस्तुत करेंगे। रेणुका कुमावत ने बताया कि आयोजन में देश-विदेश की आकर्षक तस्वीरें और पेंटिंग्स देखने को मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह ऐसा मंच है जहां फोटोग्राफरए फोटोजर्नलिस्ट और पेंटिंग आर्टिस्ट एक साथ अपनी कला का प्रदर्शन कर सकेंगे। आयोजकों ने बताया कि फोटोग्राफी और पेंटिंग श्रेणियों में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी 30 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## नौ दिवसीय गौ पुष्टि गोपाल महायज्ञ और भक्तमाल कथा का आयोजन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सांगानेर स्थित श्री तिवाड़ीयावाला बालाजी महाराज मंदिर में शुरू हुआ नौ दिवसीय बहु कुंडात्मक गौ पुष्टी गोपाल महायज्ञ एवं संगीतमय भक्तमाल कथा ज्ञान यज्ञ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में जारी है। यह धार्मिक आयोजन 24 जुलाई तक चलेगा। प्रतिदिन दोपहर 1:15 बजे से 4:15 बजे तक भक्तमाल भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। महायज्ञ के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 8:15 बजे से दोपहर 12:13 बजे तक नित्य हवन, पूजा एवं आरती संपन्न हो रही है। आयोजन का समापन 24 जुलाई को पूर्णाहुति, स्नेह प्रसादी तथा संत-महंत एवं ब्राह्मणों की विदाई के साथ होगा। महामंडलेश्वर 1008 जोईराम सोईराम महाराज एवं बालयोगी बालकृष्ण दास महाराज के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बालयोगी नोमीनाव दास महाराज भक्तमाल कथा का वाचन कर रहे हैं, जबकि यज्ञाचार्य की भूमिका पंडित दुर्गाशंकर शास्त्री पहाड़िया वालेद्ध निभा रहे हैं। इस अवसर पर महामंडलेश्वर जोईराम सोईराम महाराज ने गौ संरक्षण का संदेश देते हुए गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का आधार हैं। यदि गौ माता का संरक्षण नहीं हुआ और उनका अस्तित्व संकट में पड़ा, तो धरती पर अनिष्ट और प्राकृतिक असंतुलन की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। उन्होंने समाज और सरकार से गौ संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने तथा गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान देने की अपील की। आयोजन समिति एवं सांगानेर तहसील के विभिन्न गांवों के क्षेत्रवासियों ने श्रद्धालुओं से 24 जुलाई तक चलने वाले इस महायज्ञ एवं कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर संगोष्ठी कल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय लुहारागाड़ा स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय केंद्र पर रविवार दोपहर में महिला सशक्तिकरण को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। केंद्र संचालिका बीके सुप्रभा ने बताया कि सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास की धुरी महिला विषय पर संगोष्ठी में वक्ताओं द्वारा उपयोग की विचार साझा किए जायेंगे।

## सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर एक बैठक का आयोजन



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय माली सैनी विचार संगम संस्थान के मुख्य कार्यालय में 22 जुलाई 2026 सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस समारोह की तैयारियां अंतिम रूप से लगभग पूर्ण हो चुकी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले एक.दो दिन में सभी कार्यकर्ताओं की अपनी अपनी जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी । इसके लिए एक विशेष बैठक का आयोजन भी किया जाएगा । इस मीटिंग में अखिल भारतीय माली सैनी विचार संगम संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, महामंत्री एवं कार्यक्रम के संयोजक रूडमल सैनी लिसाडिया, विवाह समिति के अध्यक्ष रामगोपाल सैनी नायन एनंदकिशोर सैनी पार्षद नगर पालिका श्रीमाधोपुर, विनेश सैनी पार्षद नगपालिका श्रीमाधोपुर, पीएडी, सैनी पूर्व मनोनीत पार्षद नगर पालिका श्रीमाधोपुर, सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक, राकेश कुमार सैनी विवाह समिति के कोषाध्यक्ष, भगवान सहाय सैनी कार्यालय मंत्री, विक्रम सैनी श्रीमाधोपुर, राजू सैनी जिला अध्यक्ष माली महासभा राजस्थान, रामनाथ सैनी पार्षद नगर पालिका श्रीमाधोपुर, हंसराज एडवोकेट, समर सैनी जयपुर, पूरणमल सैनी कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय माली सैनी विचार एवं संस्थान उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क नैत्र जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर कल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में स्व. श्रीकृष्ण सारड़ा व स्व. सोहनीदेवी सारड़ा की स्मृति में उनके पुत्र गोपाल सारड़ा के सौजन्य से नि:शुल्क नैत्र जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन रविवार को किया जायेगा। महासम्मेलन के चूरू जिलाध्यक्ष पवन कुमार माहेश्वरी ने बताया कि डॉ. मोहन जैन आई हॉस्पीटल में आयोजित होने वाले इस शिविर में वरिष्ठ नैत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्व कोटिया द्वारा सेवाएं दी जायेंगी। पवन माहेश्वरी ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## नीट पास करने पर वाहिद और तनवीर का किया अभिनंदन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर के दो होनहारों ने नीट परीक्षा पहले ही प्रयास में पास करके सुजानगढ़ का नाम रोशन किया है। स्थानीय जामिया मोहल्ला व हाशमी मस्जिद के पीछे चांद बास के रहने दोनों अभ्यर्थियों ने अपने पहले ही प्रयास में ये उपलब्धि हासिल की है। अभ्यर्थी वाहिद अगवान पुत्र अकबर ने ओबीसी में पूरे देश में 289 वीं रैंक हासिल कर सुजानगढ़ का नाम रोशन किया है। वहीं मोहम्मद तनवीर पुत्र आसिफ पंवार ने ओबीसी 8002वीं रैंक प्राप्त कर नीट को पहले ही प्रयास में पास किया है। दोनों अभ्यर्थियों की इस उपलब्धि पर मदरसा जामिया अहले सुन्नत पर अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वाहिद अगवान और मोहम्मद तनवीर को लोगों ने फूलमालाओं से लादकर व मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। इस दौरान हाफिज़ अब्दुल सलाम खिची ने कहा कि आज की तारीख में कमाई से आला मुकाम हासिल नहीं होता, बल्कि बच्चों को पढाने से आला मुकाम हासिल होता है। उन्होंने कहा कि रोटी चाहे आधी खाओ, लेकिन बच्चों को पढ़ाओ, ताकि देश दुनियां में हमारा नाम रोशन हो और बच्चे देश के विकास में अपनी भागीदारी निभाएं। नीट पास करने वाले अभ्यर्थियों ने बच्चों से शोसल मीडिया से दूर रहकर पढ़ाई करने की अपील की। इस अवसर पर हाफिज आबिद, अकबर अली अगवान, सलीम अगवान, मास्टर रफीक दैया, मास्टर रमीज काजी, आशिक अगवान, चंगेज खिची, शोयब अगवान, जावेद खिची, सद्दाम हुसैन, अफजल खिची, बिलाल चौहान, शबाब अगवान, इमरान अगवान एवम समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह शेखावत उत्कृष्ट विधायी योगदान के लिए सम्मानित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह शेखावत को राजस्थान विधानसभा के 75वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर अमृत-महोत्सव पर उनके उत्कृष्ट विधायी योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की मौजूदगी में उन्हें मंच पर विशिष्ट अतिथियों द्वारा शॉल ओढ़ाकर और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अजीतगढ़ और श्रीमाधोपुर क्षेत्र के अनेकों कांग्रेसजनों, उनके मित्रों, शाहिद अनेक क्षेत्र वासियों ने श्री शेखावत को बधाइयां प्रेषित की है।

## जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने मानसून तैयारियों का लिया जायजा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सक्रिय मानसून को देखते हुए जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर शहर की मानसून तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में जलभराव, बरसाती पानी की निकासी, नालों की सफाई, आपदा प्रबंधन, राहत-बचाव कार्य और स्मार्ट सिटी की विकास परियोजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव वाले क्षेत्रों, कच्ची बस्तियों और निचले इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाए तथा कटाव संभावित स्थानों पर समय रहते सुरक्षा कार्य पूरे किए जाएं। उन्होंने मोटर पम्प, राहत सामग्री और आपदा प्रबंधन टीमों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत, पंडित दीनदयाल अस्पताल, ऑल वेदर स्विमिंग पूल, ई-बस संचालन, विधानसभा डिजिटल म्यूजियम, एसएमएस अस्पताल के 27 मंजिला आईपीडी टावर, विभिन्न मंदिरों व त्रिपोलिया क्षेत्र के सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। साथ ही जलमहल और तालकटोरा की सफाई के लिए आधुनिक मशीनों के उपयोग पर जोर दिया गया।

मंजू शर्मा ने कहा कि मानसून के दौरान सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाए।

## टहलने निकले रेलवे के ऑफिस सुपरिटेंडेंट ट्रेन की चपेट में आने से मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जगतपुरा रेलवे फाटक के पास गुरुवार रात ट्रेन की चपेट में आने से उत्तर पश्चिम रेलवे के ऑफिस सुपरिटेंडेंट की मौत हो गई। सूचना पर राजकीय रेलवे पुलिस जीआरपी मौके पर पहुंची और शुक्रवार को सवाई मानसिंह अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जीआरपी के एएसआई जगदीश ने बताया कि मृतक की पहचान अशोक चौधरी 48 निवासी दूजोद, सीकर के रूप में हुई है। वह उत्तर पश्चिम रेलवे में ऑफिस सुपरिटेंडेंट के पद पर कार्यरत थे और पत्नी के साथ जगतपुरा रेलवे फाटक के पास स्थित रेलवे क्वार्टर में रहते थे। गुरुवार रात करीब 8:45 बजे खाना खाने के बाद टहलने निकले थे। इसी दौरान जयपुर जंक्शन की ओर से आ रही दौलतपुर एक्सप्रेस की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय वहां से गुजर रहे उनके भतीजे अमन ने भीड़ देखकर मौके पर पहुंचकर मृतक की पहचान की और परिजनों को सूचना दी। जगतपुरा स्टेशन मास्टर की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला ट्रेन की चपेट में आने से हुई दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, हादसे के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा मा महोत्सव के तहत श्री भक्तमाल रस कथा का हुआ शुभारंभ

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** नगर आराध्या मंदिर श्री गोपीनाथ मंदिर में बुधवार 15 जुलाई से चल रहे भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महा महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार प्रातः काल भगवान जगन्नाथ को मंगला आरती पश्चात अष्टयाम सेवा प्रदान की गई। प्रातः कल श्रृंगार आरती में जगत पिता कलयुग के देव कृष्ण स्वरूप जगन्नाथ को गोचा रण लीला का मनोरथ देकर गोचरण की सुंदर झांकी दर्शन कराए गए।

महंत मनोहर शरण दास से प्राप्त जानकारी के अनुसार बालभोग प्रसाद के बाद में भगवान के सभी भक्तों ने जगन्नाथ का प्रिय महाप्रसाद कर्मा बाई का खिचड़ा वितरण किया गया, जिसमे भक्तों की लंबी कतार लंबे समय तक प्रसाद प्राप्त करती रही। दोपहर में जगन्नाथ महाप्रभु को छप्पन भोग धराया गया। दोपहर 2 बजे से वृंदावन से पधारे संत बृज बिहारी दास द्वारा भक्तमाल कथा अंतर्गत रामानंदाचार्य के शिष्य महा भागवत श्री पीपा की कथा का रसपान भक्तों को कराया। व्यास पीठ से बृज बिहारी दास ने भक्त, भक्ति, गुरु और भगवत चारों की समानता बताते हुए भक्तों की कथा सुनने और सुनाने से आत्मा की शुद्धि होने का उल्लेख किया। संत पीपाजी झालावाड़ जिले के गागरोंन के एक राजा थेए जो संबत 1425 में हुए, जिन्होंने श्री रामानंदाचार्य महाप्रभु से आध्यात्मिक शिक्षा प्राप्त कर भगवान का प्रत्यक्ष दर्शन पत्नी सीता जी के साथ प्राप्त किया। भक्त पीपा जी ने जगमगल के अनेक सेवा कार्य किए। भगवान के नाम का प्रचार किया। सायं काल भगवान की कथा विसर्जन पश्चात् जगन्नाथ महाप्रभु को जगन्नाथ चालीसा, श्री जगन्नाथ अष्टक एवं जगन्नाथ सहस्त्रनाम का सामूहिक पाठ कर समस्त भक्तों ने अपनी हाजिरी प्रदान कराई। आज की कथा में सैकड़ो की तादाद में स्त्री पुरुषए युवक युवतियां श्रोता के रूप में उपस्थित थे।

## संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार

निसं



**बीकानेर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने शुक्रवार को बीकानेर संभाग कार्यालय में आयोजित संभाग स्तरीय संगठनात्मक बैठक में वर्तमान एवं पूर्व सांसदों, विधायकों, प्रदेश पदाधिकारियों तथा संभाग के सभी जिलों के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक की शुरुआत सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के परिचय से हुई। प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका सशक्त, अनुशासित और सक्रिय संगठन है। बूथ जितना मजबूत होगा, संगठन उतना ही प्रभावी होगा। प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और उसे पूरी निष्ठा, समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने जिला से लेकर मंडल एवं बूथ स्तर तक संगठन की कार्यशैली की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही श्मन की बात कार्यक्रम, मासिक संगठनात्मक बैठकें, जिला, मंडल एवं बूथ स्तर पर होने वाली बैठकों, संगठनात्मक अभियानों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रियता की समीक्षा करते हुए सभी इकाइयों को नियमित रूप से संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन की योजनाओं और अभियानों का लाभ तभी मिलेगा, जब प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर आमजन से निरंतर संवाद बनाए रखे और संगठन की रीति-नीति को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए। बैठक का संचालन प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक विजेंद्र पुनिया ने किया। स्वागत भाषण संभाग प्रभारी डॉ. मिथलेश गौतम ने दिया, जबकि आभार प्रदेश प्रभारी बिहारी लाल बिश्नोई ने व्यक्त किया। मीडिया संयोजक कमल गहलोत ने बताया कि बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा, प्रदेश महामंत्री भूपेन्द्र सैनी, कैलाश मेघवाल, सुरेन्द्र पाल सिंह टी.टी.ए प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता तथा प्रदेश आईटी संयोजक अविनाश जोशी मंचासीन रहे। इस अवसर पर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़, भाजपा देहात जिला अध्यक्ष श्याम पंचारिया, हनुमानगढ़ जिला अध्यक्ष प्रमोद डेलू, चूरू जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, श्रीगंगानगर जिला अध्यक्ष शरण पाल सिंह, जिला प्रभारी बीकानेर ओम सारस्वत, चुरू विजय आचार्य, श्रीगंगानगर दशरथ सिंह शेखावत, बीकानेर देहात बालवीर बिश्नोई, हनुमानगढ़ जिला प्रभारी दिनेश धाभाई, सहित प्रदेश पदाधिकारी, संभाग के सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, विधायक प्रत्याशी, पूर्व जिला अध्यक्ष,जिला महामंत्री एवं बड़ी संख्या में संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190